e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र

वर्ष 10, अंक 136
शनिवार
20.05.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
अगर आप सफलता का आनंद उठाना चाहते हैं, तो अपने जीवन में कठिनाइयों का आगमन करवाइए।



प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## संक्षिप्त खबरे

### करंट की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद, पलामू :** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के सबनो के सोनिया टांड गांव में बिजली की तार की चपेट में आने से एक वृद्ध किसान की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार वृद्ध किसान रामटहल सिंह नबीनगर थाना क्षेत्र के नारी कला गांव के निवासी थे। उनका खेत सबनो के सोनियाखड़ में भी है। वह शुक्रवार की सुबह अपने खेत के तरफ जा रहे थे। पास के किसान अपने खेत मे जानवर आदि से बचाव के लिए बिजली कर लगा रखा था। खेत मे जाने के क्रम में वह बिजली की चपेट में आ गए। और उनकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना तत्काल हुसैनाबाद थाना को दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। शव को कब्जे में कर हुसैनाबाद थाना ले आयी। अंत्यपरीक्षण कराकर परिजन को शव सौंप दिया। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

# झगड़ा में नाबालिक लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद, पलामू :** हुसैनाबाद थाना अंतर्गत झडगड़ा में एक नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। नाबालिग लड़की के माता द्वारा हुसैनाबाद थाने में दिए गए आवेदन में लिखा है कि 18 मई दिन गुरुवार को अपने भगनी के शादी में गई थी मेरी बेटी काल्पनिक नाम बबीता उम्र करीब 16 वर्ष घर पर थी रात्रि में वापस आने पर घर पहुंचे तो मेरी बेटी घर पर नहीं थी कुछ देर बाद मेरी बेटी खून से लथपथ और लड़खड़ाते हुए घर पर पहुंची उसने पूछने पर बताई कि मैं रात्रि में करीब 8:00 बजे घर में खाना बना रही थी कि उसी क्रम में 6 लड़के नीतीश कुमार ठाकुर पिता राजकुमार ठाकुर, सचिन ठाकुर पिता राम जी ठाकुर, राजू ठाकुर पिता मनोज ठाकुर, रोहित ठाकुर पिता परमेश्वर ठाकुर, सचिन ठाकुर उर्फ मझीला पिता सुदेश ठाकुर, दिनेश ठाकुर सभी ग्राम झडगडा जातिसूचक गाली-गलौज करते हुए उठाकर घर से कुछ दूरी पर ले गए और बारी-बारी से जबरदस्ती मारपीट करते हुए सामूहिक दुष्कर्म किया मैंचिल्लाने का बहुत प्रयास किया पर सभी लोगों ने मेरा हाथ पैर और मुंह दबा दिया सभी ने सामूहिक दुष्कर्म करने के दौरान मेरा वीडियो बनाया गया और धमकी दिया गया किसी के बताओगी तो वीडियो वायरल कर देंगे साथ ही तुझे जान से मार देंगे। थाना आने के समय सत्येंद्र ठाकुर पिता चंद्र देव ठाकुर ने धमकी दिया कि थाना में मामला दर्ज करेगी तो जान मार देंगे। इस मामले में हुसैनाबाद पुलिस मामला दर्ज कर नाबालिग लड़की को जांच के लिए जिला अस्पताल लेकर चली गई एवं इस मामले में थाना प्रभारी ने बताया कि किसी भी कीमत पर दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

## 30 जून तक पीएम आवास योजना को करे पूरा, नही तो होगी कार्रवाई : बीडीओ



प्रभात मंत्र संवादाता

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर प्रखंड के सभी पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना लाभुक दिवस के अवसर पर विशेष अभियान का चलाया गया। इस दौरान लाभुकों की समस्यायों को सुना गया। साथ हीं उनकी हर समस्यायों का समाधान करने का भरोसा बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने दिया गया। मौके पर बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने बताया कि झारखंड ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार विश्रामपुर प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। साथ हीं वैसे लाभुक जो प्रथम व द्वितीय किश्त की राशि लेने के बाद भी आवास निर्माण का कार्य शुरू नही किए, वे जल्द से जल्द आवास निर्माण कार्य को पूरा करें। उन्होंने ने कहा कि विभाग द्वारा 30 जून तक आवास निर्माण का कार्य पूरा करने का निर्देश जारी किया गया है। निर्धारित समय पर आवास निर्माण कार्य पूरा नही करने वाले व लापरवाही बरतने वाले लाभुकों पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं निर्धारित समय के भीतर निर्माण कार्य पूरा कराने को लेकर प्रखंड कर्मियों को जिम्मेवारी सौंपी गई है। जो प्रत्येक दिन क्षेत्र का भ्रमण कर आवाज समाज की प्रगति रिपोर्ट प्रखंड कार्यालय को उपलब्ध कराएं।

## सुहागन महिलाओं ने अपने पति की लम्बी उम्र के लिए किया वटवृक्ष की पूजा अर्चना



**पांडू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के पांडू प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायत के सुहागन महिलाओं ने अपने पति की लम्बी उम्र के लिए शुक्रवार को वटवृक्ष की पूजा अर्चना की। अहले सुबह ब्रतियों ने स्नान ध्यान के साथ सोलह श्रृंगार कर वट वृक्ष के नीचे सुहाग की लाल चुनरी ओढ़ कर वट वृक्ष के छांव तले अपने पति की लंबी उम्र की कामना की। वहीं माता सावित्री की पूजा अर्चना कर वटवृक्ष में धागा लपेटते हुए परिक्रमा की। ईस दौरान मुसिखाप बटबृक्ष के पास पंडित लालमोहन पाठक एंव बलदेव पाठक ने लोगों को माता सावित्री का पाठ सुनाया। पूजा संपन्न होने के पश्चात जल, फल, एंव शर्बत ग्रहण किया। ऐसी मान्यता है की इस दिन माता सावित्री ने अपने पति सत्यवान के प्राण को यमराज से वापस ले आई थीं। इसलिए इस दिन सुहागिन महिलाएं पति की लंबी आयु और सौभाग्य के लिए व्रत रखती हैं और बरगद के पेड़ की पूजा करती हैं। मौके पर निर्मला देवी, अंजू देवी, नीलम देवी, मीरा देवी के साथ-साथ अन्य कई महिलाएं उपस्थित रहे।

## चैनपुर में धूमधाम से मनाया गया वट सावित्री पर्व



**चैनपुर, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर व शाहपुर में सुहागिन महिलाओं ने उल्लासपूर्ण वट सावित्री पूजन किया। पूजा अर्चना कर पति की लंबी उम्र की कामना की। पंडित महादेव पाठक ने बताया की यह व्रत सुहागिन महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण माना जाता हैं।आदि धार्मिक स्थलों पर महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा कर पती के दीर्घायु की कामना की। शहर व कस्बे के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं ने व्रत रख भगवान विष्णु की विधिविधान से पूजा-अर्चना की और उनसे सौभाग्यवती होने का आशीर्वाद मांगा।महिलाएं सुबह से ही सज सवर कर घर में पकवान बनाने के बाद वट वृक्ष के नीचे पहुंची पूजा-अर्चना शुरू की। अक्षत रोली से तिलक करने के बाद महिलाओं ने पंचामृत से भगवान विष्णु का पूजन वंदन किया। वट वृक्ष में धागा लपेटते हुए महिलाओं ने अखंड सौभाग्य की कामना कर व्रत रखा। पूजन-अर्चन कर महिलाओं ने पति की दीर्घायु के साथ ही परिवार में सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा अर्चना के बाद महिलाओं ने पंडित जी से वट सावित्री की कथा सुनी। सुबह से ही वट वृक्ष के नीचे महिलाओं की भीड़ लगने लगी थी। महिलाओं ने वट वृक्ष की परिक्रमा कर विधिविधान से पूजन वंदन किया।

# धनंजय त्रिपाठी ने वार्ड 28 मुस्लिम नगर में लोगों के लिए मांगा पानी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** नगरनिगम क्षेत्र के भावी मेयर प्रत्याशी व पूर्व प्रबंधक नगरपरिषद नई दिल्ली (NDMC) धनंजय त्रिपाठी ने अपना दौरा जारी रखते हुए आज वार्ड संख्या 28 में जनता जनार्धन से मिल कर उनका हालचाल लिया , हालचाल के दौरान पाया कि सारे चापाकल खराब हैं,लोग पीने के पानी तो दूर अन्य कार्यो के पानी के लिए भी लोग तरस रहे। सभी मे भारी आक्रोश हैं यहाँ के जनप्रतिनिधियों के लिए। श्री त्रिपाठी ने त्वरित करवाई करते हुए सिटी मैनेजर से बात करके सभी चापाकल को मरम्मत करने के लिए कहा हैं। श्री त्रिपाठी ने बताया कि कल नगर आयुक्त से भी मिल कर सभी वार्डो में 15-15 टैंकर पानी बेजने के लिए आग्रह किया हैं, कई जगहों पर शादी विवाह का माहौल हैं इसके बावजूद लोग तरस रहे हैं पानी के लिए। श्री त्रिपाठी ने बताया कि मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में गर्मी के मौसम में ड्राई जोन घोषित वार्डो से जलमीनार बनाने की शुरुआत होने वाली थी पर उसका कार्य पता नही कब शुरू होगा, पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए निगम के द्वारा सभी वार्डो में नल जल योजना के तहत जलमीनार से जलापूर्ति की जानी थी। जलमीनार सबसे पहले निगम क्षेत्र के ड्राई जोन में बनाया जाना था, गर्मी के दिनों मे ड्राई जोन इलाको में पानी की किल्लत से लोगों काफी परेशानियों का समाना करना पड़ता है।

### मोदी सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं : रामचंद्र यादव

# भाजपा ग्रामीण मंडल कार्यसमिति की हुई बैठक, महाजनसंपर्क चलाने का निर्णय





प्रभात मंत्र संवाददाता

**विश्रामपुर :** भाजपा के बिश्रामपुर ग्रामीण मंडल कार्यसमिति की बैठक पार्टी के बी मोड़ स्थित कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी व संचालन आशीष पांडेय ने किया। बैठक में पार्टी की मजबूती और विस्तार पर चर्चा हुई। बैठक में यह भी निर्णय हुआ कि आगामी एक माह तक कार्यकर्ताओं की टोली बनाकर सभी पंचायतों में महाजनसंपर्क अभियान चलाकर पार्टी को और भी मजबूत किया जाएगा। इसके अलावा नेताओं कार्यकर्ताओं ने एक बार फिर केंद्र में मोदी सरकार लाने का संकल्प लिया। बैठक के जिला प्रभारी रामचंद्र यादव ने कहा कि मोदी सरकार की नीतियों को जन जन तक पहुंचाएं। केंद्र सरकार के कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी देते हुए उसका लाभ दिलवाने का प्रयास करें। सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय ने केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाई। बैठक में विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, विनय चौबे, सतेंद्र नारायण सिंह, संजय चंद्रवंशी, प्रदीप कुमार, मेराज खान, मिना देवी सहित सभी मंच मोर्चा के पदाधिकारी मौजूद थे।

## खतियान आधारित नियोजन नीति को लेकर भवनाथपुर में दौड़े पूर्व सिल्ली विधायक अमित



**भवनाथपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खतियान आधारित नियोजन नीति लागू कराने, बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने, सहित अन्य मांगो को लेकर सिली विधानसभा के पूर्व विधायक अमित कुमार महतो ने भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के भवनाथपुर प्रखण्ड में दौड़ प्रारम्भ किया। भवनाथपुर में अमित महतो का दौड़ टाउनशिप मैदान से प्रारम्भ हुआ एवं चपरी, कर्पूरी चौक, भवनाथपुर बाजार, ब्लाक मोड़, मकरी होते हुए छमईल्वा तक समाप्त हो गया। इनके समर्थन में चन्दन कुमार ठाकुर, रजनीश यादव, प्रफुल कुमार, सोनू ठाकुर, मनोज कुमार, अनंत कुमार, बाला यादव, बिगन ठाकुर, सीताराम पासवान, अकबर अंसारी, संजय राम, करमदेव राम, अमित महतो के साथ दौड़ में सामिल हुए।

## थाना प्रभारी ने लिया बैंकों की सुरक्षा का जायजा, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चैनपुर, पलामू :** रामगढ़ में बैंक शाखा की सुरक्षा को लेकर पुलिस टीम ने भारतीय स्टेट बैंक शाखा का किया औचक निरीक्षण। रामगढ़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन रॉय व एसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश आलोक में रामगढ़ थाना क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक शाखा में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहा पर उपस्थित पदाधिकारियों का अवासक दिशा निर्देश दिया। बैंकों के सीसीटीवी कैमरों, सिक्यूरिटी, अलार्म और गार्ड की तैनाती जैसी चीजों को देखा और बैंकों को सुरक्षा के साधन दुरूस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की बैंक में बिना काम से अगर कोई भी घुसता है, तो उस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही कहा की किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के दिखाई पड़ने पर तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दे।मौके पर मौजूद बैंक सुरक्षा में तैनात गार्ड को थाना प्रभारी प्रभात रंजन रॉय ने कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया।बैंक के गार्ड को उन्होंने समय पर बैंक पहुंचने और बैंक बंद होने पर ही वहां से प्रस्थान करने का निर्देश दिया। बैंक के अगल-बगल व सामने के दुकानों का भी थानाप्रभारी ने निरीक्षण किया।

# हरिहरगंज में धूमधाम से मनाया गया वट सावित्री पर्व



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हरिहरगंज :** हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को वट सावित्री व्रत धूमधाम से मनाया गया। हिन्दू धर्मावलंबी महिलाओं ने व्रत रखकर सुहाग के कल्याण एवं रक्षा की कामना की। व्रत को लेकर सुबह से ही महिलाओं की भीड़ शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न बरगद पेड़ के नीचे दिखने लगा था ।वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महिलाओं ने पूरे विधि- विधान से वट वृक्ष का पूजन किया एवं वृक्ष में कच्चा सूत बांधकर परिक्रमा की तथा सदा-सुहागन रहने की मंगलकामना की। इस दौरान पंडित राजेश मिश्र ने बताया कि जेठ मास की अमावस्या को महिलाएं अपने पति की लंबी आयु की कामना को लेकर वट सावित्री व्रत रखते हैं। इस व्रत को लेकर कई कथाएं प्रचलित हैं। सबसे प्रचलित कथा सावित्री सत्यवान की है। सावित्री ने पत्नी धर्म के बदौलत ही यमराज से अपने पति के प्राण की वापसी की थी तभी से यह व्रत सुहागिन रखती आ रही हैं ।

# प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी ने बालू लदा तीन हाइवा किया जब्त





प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** अवैध उत्खनन तथा परिवहन पर अनुमंडल प्रशासन पूरी तरह सख्ती बरते हुए हैं। बुधवार की देर रात अवैध खनन के रोकने को लेकर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी ने बालू लदे तीन हाईवा को जप्त किया है। ज्ञात हो कि खनिजों के अवैध उत्खनन व परिवहन के रोकथाम के लिए गढ़वा जिले के उपायुक्त शेखर जमुआर के द्वारा श्री बंशीधर नगर के धुरकी मोड़ पर दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त किया गया है। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी सह प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सोशलिस्ट राम के द्वारा बुधवार की मध्यरात्रि 12:40 बजे सीमावर्ती उत्तर प्रदेश की ओर से आ रहे तीन हाईवा को रोका गया। वाहन को रोककर जांच पड़ताल करने पर हाईवा पर ओवरलोड अवैध बालू लदा पाया गया? तीनों चालक अवैध ओवरलोड बालू लदा हाईवा छोड़कर भागने में सफल रहे। पकड़े गए अवैध ओवरलोड बालू लदे हाईवा को दंडाधिकारी के द्वारा थाना लाया गया। थाने में दंडाधिकारी के द्वारा तीनों हाईवा के मालिक व चालक के विरुद्ध अवैध रूप से बालू का उत्खनन कर परिवहन करने का मामला दर्ज कराया गया है। अवैध बालू लदे हाईवा पकड़े जाने के बाद बालू के अवैध कारोबार में शामिल कारोबारियों के बीच हड़कंप मचा हुआ है।

## सीडीपीओ ने किया आंगनबाड़ी सेंटर का औचक निरीक्षण जांच के दौरान पाया भारी अनियमितता



**खरौंधी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत सीडीपीओ जयपाल महतो ने कई आंगनबाड़ी सेंटर का किया औचक निरीक्षक। जांच के दौरान सिसरी पंचायत अंतर्गत बैतरी आंगनबाड़ी सेंटर पर एक भी बच्चे उपस्थित नहीं थे। सेविका डोमिनिका खलखो मौजूद थी, जबकि सहायिका कौशल्या देवी अनुपस्थित पाई गई। इसके बाद सीडीपीओ जयपाल महतो ने कुपा पंचायत के बैतरा आंगनबाड़ी सेंटर की जांच किया। जिसमें भारी अनियमितता पाया गया, इस सेंटर पर बच्चे भी अनुपस्थित पाए गए। भंडारण पंजी के अनुसार सेंटर पर चावल 96 किलो 800 ग्राम होना चाहिए था। जबकि उससे बहुत कम मात्रा में चावल मिला ,सेविका निर्मला देवी एवं सहायिका पुष्पलता देवी को सीडीपीओ ने कड़ी फटकार लगाते हुए कार्यवाही की बात कही। सेविका के द्वारा चावल उठाव नहीं करने पर भी सीडीपीओ ने सेविका निर्मला देवी को कड़ी फटकार लगाई एवं चावल का उठाव के लिए कहा, ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि सेविका निर्मला देवी एवं सहायिका पुष्पलता देवी का बच्चों एवं अभिभावकों के साथ व्यवहार अच्छा नहीं रहता है। बच्चों के साथ साथ अभिभावकों को गाली गलौज किया करते हैं।ग्रामीणों ने बताया कि सेविका के द्वारा बच्चों को पोषाहार नहीं दिया जाता है। खरौंधी प्रखंड में प्रवेशिका के द्वारा 2017 के बाद पहली बार 2023में आंगनबाड़ी सेंटर का जांच किया गया। सीडीपीओ जयपाल महतो ने बताया की हम लोग के द्वारा तीन आंगनवाड़ी सेंटर का विजिट किया गया।जिसमें काफी गड़बड़ियां पाई गई। अब आगे से पर्यवेक्षिका के द्वारा एवं स्वयं विजिट कर कर सुधार लाने का प्रयास किया जाएगा। आंगनवाड़ी सेंटर के सेविका एवं सहायिका का सोकोज कर सभी के वेतन पर रोक लगाया जाएगा।

# सुहागिन महिलाओं ने किया वट सावित्री पूजा, पति की लंबी उम्र के साथ अखंड सौभाग्य का मांगा आशीर्वाद




प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** अनुमंडल मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में शुक्रवार को वट सावित्री व्रत हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाएं वट सावित्री की पूजा के लिए सुबह से ही बरगद के पेड़ के नीचे पहुंचने लगी थी। हिंदू धर्म में सुहागिन महिलाओं के लिए वट सावित्री पूजा बेहद खास व महत्वपूर्ण माना गया है। अमावस्या की तिथि को महिलाएं अपने पति की लंबी आयु की कामना के साथ सावित्री व्रत करती है। इस व्रत में सबसे अधिक महत्व वटवृक्ष की होती है। इस दिन सौभाग्यवती महिलाएं बरगद के पेड़ की पूजा कर अखंड सौभाग्य अपने पति की लंबी उम्र की कामना करती है। इस अवसर पर अहिपुरवा ग्राम स्थित काली मंदिर, शनि देव मंदिर, भवनाथपुर मोड़ स्थित हनुमान मंदिर सहित अन्य स्थानों पर बड़ी संख्या में सुहागिन महिलाएं वटवृक्ष की पूजा की। सौभाग्यवती महिलाएं बरगद वृक्ष के नीचे पहुंच जड़ में अर्पण कर विधिवत पूजन अर्चन किया।वट वृक्ष की सात बार परिक्रमा कर धागा बांधकर सात जन्मों तक पति के साथ का आशीर्वाद मांगा। साथ ही घर-परिवार के सुख-समृद्धि की कामना की। वट सावित्री पूजा की तैयारी 2 दिन पूर्व से ही सुहागिन महिलाएं कर रही थी। पूजा को लेकर सुहागिन महिलाओं में आस्था व उत्साह देखा गया। वट वृक्ष की पूजा करने के बाद पेड़ को बांस के बेना (पंखा) से हवा भी किया और सरबत पिलाया। काली मंदिर में महिलाओं को पंडित नमो नारायण शुक्ला द्वारा वट सावित्री पूजा की महत्वता के बारे में बताया तथा कथा सुनाई पंडित नमो नारायण शुक्ला ने बताया कि जब यमराज ने सावित्री के पति सत्यवान के प्राण हर लिए,तो सावित्री ने उनके मृत शरीर को बरगद के पेड़ के नीचे लिटाया और यमराज के पीछे-पीछे चल दी। जब यमराज ने उन्हें लौटने के लिए कहा तो सावित्री ने उनसे पति धर्म और मर्यादा को निभाने की बात कही और लगातार पीछे चली रहे माना जाता है कि वटवृक्ष के नीचे सावित्री ने अपने पति के प्रभाव से मृत पड़े सत्यवान को पुनः जीवित किया था।

# लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को ले जल यात्रा आज, विष्णु मंदिर में भगवान लक्ष्मी नारायण की होगी प्रतिमा स्थापित

### यज्ञशाला वह मंदिर सजधज कर तैयार, 5 दिनों तक चलेगा महायज्ञ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर प्रखंड के तोलरा में आयोजित लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर आज शुक्रवार को जल यात्रा निकाली जाएगी। जल यात्रा यज्ञ स्थल से चलकर कोयल नदी तट पर पहुंचेगी। जहां से वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ स्थापित कर वापस यज्ञशाला परिसर में पहुंचेगी जहां यज्ञ मंडप में कलश स्थापित कर पूजन कार्यक्रम होगा। वही लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर यज्ञशाला व भगवान विष्णु का मंदिर सजधज कर तैयार हो गया है। लक्ष्मी नारायण महायज्ञ 20 मई को जल यात्रा से शुरू होकर 25 मई को हवन के साथ संपन्न होगा। इसकी जानकारी देते हुए यज्ञ समिति के अध्यक्ष तुलसी तिवारी, सचिव रासबिहारी तिवारी उर्फ मखीरन तिवारी, कोषाध्यक्ष कोषाध्यक्ष सुमंत तिवारी आदि ने संयुक्त रूप से बताया कि लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन व नवनिर्मित विष्णु मंदिर में भगवान लक्ष्मी नारायण की प्रतिमा स्थापित किया जा रहा है। दोनों कार्यो को सफल बनाने को लेकर कमेटी की ओर से पूरी तैयारी कर ली गई है। अयोध्या, वृंदावन, वाराणसी आदि जगहों से विद्वान पंडितों को आमंत्रित किया गया है। 5 दिनों तक चलने वाले लक्ष्मी नारायण महायज्ञ व नवनिर्मित विष्णु मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ होगा। वहीं 5 दिनों तक चलने वाले प्रवचन कार्यक्रम के लिए मानस माधुरी सुनिता पांडेय, जगतगुरू रामानुजाचार्य श्री त्रिदण्डीस्वामी गोपालाचार्य, मानस राजहंस श्याम शास्त्री जी महराज, आदिशक्ति पीठ विंध्याचल मानस मार्तण्ड श्री श्री राधेश्याम तिवारी जी महाराज को आमंत्रित किया गया है। विदित हो कि लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर यज्ञाचार्य स्वामी जगतगुरु ब्रह्मदेवाचार्य जी द्वारा तोलरा गांव में 2 महीने से कथा वाचन सह यज्ञ की तैयारी की जा रही है। आसपास की 1 दर्जन से अधिक गांव के लोग प्रवचन कार्यक्रम में शामिल होते रहे हैं। कमेटी के लोगों ने आज शुक्रवार को आयोजित होने वाली जल यात्रा कार्यक्रम में अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को भाग लेने की अपील की है। यज्ञ को सफल बनाने में पंचायत के मुखिया सह विश्रामपुर मुखिया संघ के अध्यक्ष रोहित तिवारी, विनय तिवारी, सोनी तिवारी, अमरेश तिवारी, राजेश तिवारी, विजय तिवारी, मुकेश तिवारी, रामनिवास तिवारी, किरानी तिवारी सहित सैकड़ों बच्चे, बुड्ढे व युवा दिन रात लगे हैं।

## पंजरी खुर्द गांव में चबूतरा निर्माण की रखी गयी आधारशिला



**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवादाता):** विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत लालगढ़ पंचायत के पंजरी खुर्द गांव में सार्वजनिक स्थल पर एक बड़े चबूतरा का निर्माण होगा। चबूतरा निर्माण की आधारशिला लालगढ़ पंचायत के मुखिया धर्मेंद्र चौधरी ने शुक्रवार को रखी। श्री चौधरी ने कहा कि निर्माण स्थल पर पूजा-अर्चना सहित गांव का कई सार्वजनिक कार्यक्रम होता है। ग्रामीणों ने इस स्थल पर चबूतरा बनवाने का मांग किया था। ग्रामीणों के आग्रह पर ही शिव सागर पीपल पेड़ के नीचे इस चबूतरे का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस जगह को आगे और भी विकसित किया जायेगा.मौके पर कई लोग मौजूद थे।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 136

# प्रभात मंत्र

शनिवार
20.05.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

अगर आप सफलता का आनंद उठाना चाहते हैं, तो अपने जीवन में कठिनाइयों का आगमन करवाइए।

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB (Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रांची का तापमान**

अधिकतम $40^0$
न्युनतम $24^0$

## क्विक न्यूज

### सुप्रीम कोर्ट को मिले 2 नए जज, ली शपथ

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट को दो और जज मिल गए हैं. 19 मई को आंध्र प्रदेश के चीफ जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और वरिष्ठ वकील कल्पथी वेंकटरमण विश्वनाथन ने पद की शपथ ली है. जस्टिस मिश्रा मूल रूप से छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के हैं. वहां से सुप्रीम कोर्ट आने वाले वह पहले जज हैं. वहीं, जजों की वरिष्ठता सूची के हिसाब से केवी विश्वनाथन 2030 में सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस बनेंगे.सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने केंद्र सरकार से प्रशांत कुमार मिश्रा और केवी विश्वनाथन को सुप्रीम कोर्ट का जज बनाए जाने की सिफारिश की थी. केवी विश्वनाथ बार से सीधे पदोन्नत होकर सुप्रीम कोर्ट जज बनाए गए हैं. उनकी सिफारिश करते हुए कॉलेजियम ने लिखा था कि केवी विश्वनाथन बार एसोसिएशन के सम्मानित सदस्य हैं और सुप्रीम कोर्ट का जज बनाए जाने के लिए उपयुक्त व्यक्ति हैं. उनकी नियुक्ति से शीर्ष अदालत में बार का प्रतिनिधित्व बढ़ेगा.

### किशोरी के साथ गैंपरेप, संदिग्ध युवक हिरासत में

**मेदिनीनगर :** जिले में गुरूवार रात अनुसूचित जाति (एससी) की एक 16 वर्षीया किशोरी के साथ आधा दर्जन युवकों ने बलात्कार की घटना को अंजाम देकर फरार हो गये। इस घटना की पुष्टि शुक्रवार को हुसैनाबाद अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी (एसपीडीओ) पूज्य प्रकाश ने बातचीत में की है। बलात्कार की यह घटना जिले में एक पखवाड़े के भीतर दूसरी है। इसके पहले मेदिनीनगर में एक सात वर्षीया बच्ची के साथ चालीस वर्षीय व्यक्ति ने सात मई को बलात्कार किया था। हालांकि, बच्ची के कथित बलात्कारी को पुलिस ने घटना के दूसरे दिन गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, मगर बृहस्पतिवार को हुई घटना के सिलसिले में अबतक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पायी है ।

### चाईबासा में नक्सलियों के बिछाए गए आईईडी की चपेट में आया 10 साल का बच्चा, मौत

**पश्चिमी सिंहभूम :** चाईबासा जिले में नक्सलियों के बिछाए गए इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) की चपेट में आने से 10 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। यह घटना सर्वाधिक नक्सल प्रभावित सुदूरवर्ती टोंटो थाना क्षेत्र के रेंगरा गांव के पास गुरुवार देर शाम हुई है। पुलिस को इसकी सूचना आज (शुक्रवार) सुबह मिली है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर का कहना है कि सुबह सूचना मिलते ही टोंटो पुलिस को रेंगरा भेजा गया है। विभाग के कर्मचारियों के वहां पहुंचने पर ही विस्तृत विवरण मिल पाएगा। अभी सिर्फ यही सूचना है कि इस घटना में बच्चे की मौत हुई। उल्लेखनीय है कि इस समय जिले के कई थाना क्षेत्रों में नक्सली उन्मूलन के लिए पुलिस ने अभियान शुरू किया है।

**माध्यमिक विद्यालयों के लिए नवनियुक्त स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों को सीएम ने सौंपा नियुक्ति पत्र**

# बच्चों का भविष्य संवारने में शिक्षकों की अहम भूमिका: हेमंत

**मुख्यमंत्री ने कहा**

* स्थानीय भाषा को जरूर सीखें और बच्चों के साथ उसी भाषा में संवाद करें
* बेहतर और गुणवत्ता युक्त शिक्षा के साथ शैक्षणिक गतिविधियों को दिया जा रहा बढ़ावा
* उत्कृष्ट विद्यालय सशक्त होने के साथ नई उंचाईयां हासिल करेगी
* सभी विद्यालयों की होगी ग्रेडिंग, अव्वल रहने वाले विद्यालयों को किया जाएगा पुरस्कृत
* उत्कृष्ट विद्यालय सशक्त होने के साथ नई उंचाईयां हासिल करेगी


प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के हाथों जब 3469 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र मिला तो उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। मौका था टाना भगत इनडोर स्टेडियम, खेलगांव, रांची में माध्यमिक विद्यालयों के लिए नवनियुक्त स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों के बीच नियुक्ति पत्र वितरण का। मुख्यमंत्री ने समारोह में कहा कि यह तो शुरुआत है। बहुत जल्द हजारों की संख्या में शिक्षक नियुक्त होंगे। राज्य में शिक्षा का बेहतर माहौल, गुणवत्ता युक्त शिक्षा और शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इस दिशा में कई और अहम कड़ियां जुड़ने जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है। क्योंकि इतने बड़े समूह में माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों एक साथ नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है। लेकिन, यह नियुक्ति पत्र नहीं एक जिम्मेदारी है।।बच्चों के भविष्य को संवारने का अहम कार्य आपको करना है। बच्चे हर दृष्टिकोण से मजबूत हों, इसमें आपकी अहम भूमिका होने वाली है।

समाज में शिक्षक भगवान के समान होते हैं। ऐसे में आप अपने कार्यों का निर्वहन इस तरह करें कि वह पूरे समाज और राज्य के लिए मील का पत्थर साबित हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में बड़े पैमाने पर नियुक्तियों का सिलसिला शुरू हो चुका है। पिछले 3 वर्षों में जेपीएससी सिविल सर्विसेज, सहायक लोक अभियोजक, कृषि पदाधिकारी, पशु चिकित्सा पदाधिकारी, चिकित्सा पदाधिकारी, आयुष चिकित्सक और सहायक अभियंताओं समेत कई पदों पर बड़े पैमाने पर नियुक्ति हो चुकी है । इसके अलावा शिक्षकों और अन्य पदों पर भी नियुक्ति प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। यहां के नौजवानों को रोजगार देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

### निजी क्षेत्रों में भी बड़े पैमाने पर हुई है नियुक्ति

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी विभागों के साथ-साथ निजी क्षेत्रों में भी लगातार रोजगार के नए अवसर सृजित किए जा रहे हैं । हमारी सरकार ने अब तक निजी कंपनियों में 10 हजार से ज्यादा युवाओं को नियोजित करने का कार्य किया है। सरकार ने इन सभी का डेटाबेस रखा है। मुझे इस बात की खुशी है कि यहां से काम करने के बाद कई नौजवान विदेशों में भी अपने कार्यों से झारखंड का मान सम्मान बना रहे हैं। इतना ही नहीं, अब निजी क्षेत्र में होने वाली नियुक्तियों में 75 प्रतिशत नियुक्ति स्थानीय को देना अनिवार्य कर दिया गया है।



**आदिवासी, दलितों , पिछड़ों और अल्पसंख्यकों को सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक और बौद्धिक रूप से मजबूत बनाना है**

### बच्चों की पढ़ाई में आर्थिक तंगी नहीं बनेगी बाधा

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के बच्चों की पढ़ाई आर्थिक तंगी के कारण प्रभावित नहीं हो, इसके लिए सरकार कई कदम उठा रही है। बच्चों की स्कॉलरशिप राशि बढ़ा दी गई है । हर तरह की प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारियों के लिए भी सरकार आर्थिक मदद कर रही है। मेडिकल इंजीनियरिंग अथवा अन्य प्रोफेशनल कोर्सेज के लिए आर्थिक सहायता देने का निर्णय सरकार ने दिया है। इतना ही नहीं, विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए भी विद्यार्थियों का पूरा खर्च सरकार वाहन कर रही है। इसके अलावा गुरुजी क्रेडिट योजना के तहत विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए आसान ब्याज दर पर 15 लाख रुपए तक का लोन देने की योजना सरकार ने शुरू की है।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

मंत्री आलमगीर आलम और सत्यानंद भोक्ता एवं मुख्य सचिव श्री सुखदेव सिंह ने भी समारोह को संबोधित करते हुए शिक्षकों को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना डाडेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के रवि कुमार, जेईपीसी की स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर किरण कुमारी पासी, माध्यमिक शिक्षा निदेशक सुनील कुमार और झारखंड एकेडमिक काउंसिल के अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार महतो समेत कई अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### उत्कृष्ट विद्यालय नई ऊंचाइयां हासिल करेंगी

सरकारी विद्यालयों के बच्चे भी निजी स्कूलों की तर्ज पर अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा प्राप्त करें , इसी सोच के साथ सरकार ने पहले चरण में 80 उत्कृष्ट विद्यालयों की शुरुआत की है । आने वाले दिनों में 5 हजार विद्यालयों को उत्कृष्ट विद्यालयों का दर्जा दिया जाएगा। इन विद्यालयों में पठन-पाठन को लेकर सभी आधुनिक संसाधन और सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। मुझे विश्वास है कि उत्कृष्ट विद्यालय सशक्त होने के साथ नई उंचाईयां हासिल करेंगी ।

### क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा दे रही सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानीय और क्षेत्रीय भाषाओं को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है । इस दिशा में क्षेत्रीय भाषाओं के शिक्षकों के पद पर भी नियुक्ति की गई है। मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त शिक्षकों से कहा कि उनकी जहां भी पोस्टिंग होती है, वहां की स्थानीय भाषा को वे जरूर सीखें और बच्चों के साथ उसी भाषा में संवाद करें। इससे बच्चों के पढ़ने और सीखने की क्षमता में काफी इजाफा होगा, जिसका फायदा बच्चे के साथ उनके अभिभावक, परिवार, समाज और राज्य को मिलेगा।

# आरबीआई ने दो हजार के नोट को बैन करने का किया एलान



एजेंसी

**नई दिल्ली :** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया 2000 रुपये के नोट को वापस लेने जा रही है. हालांकि ये वैध मुद्रा बना रहेगा. भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों को सलाह दी है कि वे तत्काल प्रभाव से 2000 रुपये के नोट जारी करना बंद कर दें. आरबीआई ने बताया कि 30 सितंबर तक ये नोट वैध मुद्रा में बने रहेंगे. यानि कि जिनके पास इस समय 2000 रुपये के नोट्स हैं, उन्हें बैंक से एक्सचेंज करना होगा. आरबीआई ने कहा कि आप 23 मई से एक बार में 20 हजार रुपये तक के 2 हजार रुपये के नोट बदल या जमा कर सकते हैं. इसके लिए बैंकों को स्पेशल विंडो खोलना होगा. इसके अलावा आरबीआई नोट बदलने और जमा करने के लिए 19 शाखा खोलेगी. आरबीआई ने प्रेस रिलीज में बताया कि 2018-19 में ही दो हजार रुपये के नोट को छापना हमने बंद कर दिया था. बता दें कि 2016 नवंबर में नोटबंदी में 500 और 1000 रुपये के नोट बंद कर 2000 हजार रुपये के नोट को लाया गया था. नोटबंदी की घोषणा करने के दौरान सरकार ने कहा था कि ये कदम भ्रष्टाचार खत्म करने और छप रहे जाली नोटों पर लगाम लगाने के लिए लिया गया है. इस पर विपक्षी दलों ने केंद्र सरकार पर हमला करते हुए कहा था कि ये निर्णय सरकार ने बिना सोचे समझे लिया है. कांग्रेस ने सरकार पर निशाना साधते हुए इसे तुगलकी फरमान बताया है. कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि हमारे स्वयंभू विश्व गुरु की विशेषता है कि पहला करते हैं और फिर दूसरा सोचते हैं. उन्होंने कहा कि 8 नवंबर 2016 को तुगलकी फरमान के बाद इतनी धूमधाम से 2000 रुपये के नोट लाए गए और अब वापस ले रहे हैं.

### बैंक तत्काल प्रभाव से 2000 रुपये के नोट जारी करना बंद कर दें : आरबीआई

### नोटबंदी के बाद जारी हुआ था 2000 रुपये का नोट

8 नवंबर 2016 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नोटबंदी का ऐलान के बाद 500 और 1000 रुपये के सभी नोट चलन से बाहर हो गए थे. इन करेंसी की जगह रिजर्व बैंक ने 500 और 2000 रुपये के नए नोट जारी किए थे. रिजर्व बैंक का मानना था कि 2000 रुपये का नोट उन नोट की वैल्यू की भरपाई आसानी से कर देगा, जिन्हें चलन से बाहर कर दिया गया था.देश में 2000 के नोट सबसे ज्यादा चलन में वर्ष 2017-18 के दौरान रहे. इस दौरान बाजार में 2000 के 33,630 लाख नोट चलन में थे. इनका कुल मूल्य 6.72 लाख करोड़ रुपये था. 2021 में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने लोकसभा में ये जानकारी दी थी कि पिछले दो साल से 2000 रुपये के एक भी नोट की छपाई नहीं हुई है.

# राज्य बाल संरक्षण आयोग में रिक्त पदों को लेकर हाई कोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में शुक्रवार को जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड, चाइल्ड वेलफेयर कमेटी और राज्य बाल संरक्षण आयोग में रिक्त पदों को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार से रांची और जमशेदपुर में जेजे बोर्ड में स्थाई प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट नियुक्त करने के संबंध में जवाब मांगा है। मामले में याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अनूप कुमार अग्रवाल ने कोर्ट को बताया कि राज्य में जेजे बोर्ड में कुल 3691 लंबित केस हैं। इनमें से जेजे बोर्ड में सबसे ज्यादा केस रांची में 433 एवं जमशेदपुर में 561 हैं।याचिकाकर्ता का कहना है कि राज्य में जेजे बोर्ड में अभी जो मजिस्ट्रेट का काम कर रहे हैं वह आधे समय जेजे बोर्ड में रहते हैं और आते समय में सिविल कोर्ट में कार्य करते हैं, जिससे जेजे बोर्ड का काम प्रभावित होता है।



इसलिए राज्य के जेजे बोर्ड में स्थाई प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की जाए, जिस पर कोर्ट ने रांची और जमशेदपुर में स्थाई प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट की नियुक्ति को लेकर राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले में बचपन बचाओ आंदोलन की ओर से अधिवक्ता अमित कुमार तिवारी ने पैरवी की।उल्लेखनीय है कि खंडपीठ को पूर्व में बताया गया था कि जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड (जेजे बोर्ड) व सीडब्ल्यूसी अधिकतर पदों पर नियुक्ति कर दी गयी है लेकिन अब भी कई पद खाली हैं। राज्य बाल संरक्षण आयोग में अध्यक्ष व सदस्य का पद कई वर्ष से खाली हैं। पद खाली रहने के कारण आयोग सही तरीके से काम भी नहीं कर पा रहा है।

**भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की बड़ी उपलब्धि**

# 100 घंटे में बिछाया सौ किलोमीटर का एक्सप्रेस-वे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने 100 घंटे के भीतर 100 किलोमीटर का नया एक्सप्रेस-वे बिछाकर एक और उपलब्धि हासिल की है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने निर्माणाधीन नए एक्सप्रेसवे की तस्वीरें साझा करते हुए यह घोषणा की।उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद-अलीगढ़ एक्सप्रेस-वे ने एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए 100 घंटे के अभूतपूर्व समय में 100 लेन किलोमीटर की दूरी पर बिटुमिनस कंक्रीट बिछाया है। गडकरी ने कहा कि यह उपलब्धि भारत के सड़क अवसंरचना उद्योग के समर्पण और सरलता को उजागर करती है।बिटुमिनस कंक्रीट बिछाने के लिए उच्चतम रिकॉर्ड के उत्सव समारोह को संबोधित करते हुए केन्द्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने क्यूब हाईवेज, एल एंड टी, और गाजियाबाद अलीगढ़ एक्सप्रेसवे प्राइवेट लिमिटेड की टीमों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए बधाई दी।उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय राजमार्ग-34 का गाजियाबाद-अलीगढ़ खंड 118 किलोमीटर में फैला है। यह गाजियाबाद और अलीगढ़ के घनी आबादी वाले क्षेत्रों के बीच परिवहन लिंक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह परियोजना दादरी, गौतम बौद्ध नगर, सिकंदराबाद, बुलंदशहर और खुर्जा सहित उत्तर प्रदेश के विभिन्न कस्बों और शहरों से होकर गुजरती है। स्थिरता और लागत-प्रभावशीलता के प्रति प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए गडकरी ने कहा कि हमने परियोजना में कोल्ड सेंट्रल प्लांट रीसाइक्लिंग प्रौद्योगिकी के उपयोग को लागू किया है। इस नवीन हरित प्रौद्योगिकी में 90 प्रतिशत मिल्ड सामग्री का उपयोग शामिल है,जो लगभग 20 लाख वर्ग मीटर सड़क की सतह के बराबर है। नतीजतन रॉ सामग्री की खपत मात्र 10 प्रतिशत तक कम हो गई है। इस दृष्टिकोण को अपनाने से हमने ईंधन की खपत और संबंधित ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को काफी कम कर दिया है। इससे हमारे कार्बन पदचिह्न को कम करने में महत्वपूर्ण योगदान हो रहा है।





## संपादकीय

# राजनीतिक गर्मी में तप रहा है राजस्थान

**राजस्थान** में आपसी खींचतान कांग्रेस के लिए कर्नाटक की जीत का स्वाद खराब कर रही है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच वर्षों से चली आ रही तकरार अब निर्णायक मोड़ पर पहुंचती दिख रही है। सचिन पायलट अपनी ही सरकार और मुख्यमंत्री गहलोत के खिलाफ इस चिलचिलाती गर्मी में सड़क पर उतर आए हैं। पिछले पांच दिनों में अपनी 'जन संघर्ष' यात्रा के दौरान उन्होंने राजस्थान में लगभग 125 किलोमीटर की यात्रा पूरी की है। उनकी इस यात्रा में हजारों लोगों के साथ बड़ी संख्या में युवा भी चल रहे हैं। सचिन खुद भी युवा नेताओं में शुमार हैं। वे राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस के युवा चेहरे हैं। इसलिए सहज भी युवा उनकी ओर आकर्षित होते हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में सचिन पायलट के कारण कांग्रेस को युवाओं का खूब समर्थन प्राप्त हुआ था। लेकिन स्वयं को ठगा महसूस कर रहे सचिन पायलट को भी लग रहा है कि कांग्रेस सरकार ने युवाओं के साथ किए वायदे पूरे नहीं किए हैं। सचिन पायलट के साथ यात्रा में चलने वाले सैकड़ों युवा आगे चुनाव तक पायलट के लिए मददगार बनेंगे। हर जिले और गाँव तक इस यात्रा की प्रमुख बातें पहुचायेंगे। पायलट के साथ चलने वाले ये युवा चुनाव में कई भूमिका निभा सकेंगे। इनमें छात्र नेता भी साथ चल रहे हैं। बहरहाल, अपनी यात्रा के दौरान पायलट खुलकर मुख्यमंत्री गहलोत और कांग्रेस सरकार के खिलाफ मुखर हैं। मीडिया हो या जनता, दोनों के बीच पायलट ने युवाओं के मुद्दों को उठाया है। पेपर लीक का मुद्दा हो या फिर रोजगार की समस्या, पायलट ने युवाओं से कहा है कि हम इन मुद्दों पर अड़े रहेंगे। भ्रष्टाचार के मुद्दे को भी पायलट जोर–शोर से उठा कर कांग्रेस सरकार की कठिनाइयां बढ़ा रहे हैं। परंतु कांग्रेस नेतृत्व असमंजस की स्थिति में है, वह अशोक गहलोत और सचिन पायलट पर कोई निर्णय नहीं कर पा रहा है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के सामने तो आलाकमान बेबस नजर आता है। इसलिए सब यही अंदाजा लगा रहे हैं कि सचिन पायलट की 'जन संघर्ष' यात्रा के बाद भी मुख्यमंत्री गहलोत की सेहत पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। हालांकि पायलट को लेकर भी कांग्रेस नरम पड़ी है। पूर्व में कांग्रेस के प्रमुख नेता पायलट पर अनुशासनहीनता के आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। परंतु पायलट पर इन धमकियों से कोई दबाव नहीं बनता देख कांग्रेस के नेताओं को अपने सुर बदलने पड़े हैं। पायलट ने कांग्रेस को खूब आईना दिखाया कि अनुशासनहीनता वे नहीं बल्कि मुख्यमंत्री कर रहे हैं जो अपने ही चुने हुए विधायकों पर उल्टे–सीधे आरोप लगा रहे हैं। खैर, राजस्थान की यह राजनीतिक गर्मी अब उबाल पर है, जल्द ही कोई निर्णायक परिणाम दिखाई पड़ सकता है। पूरी संभावनाएं हैं कि सचिन पायलट अपने राहें कांग्रेस से अलग कर लें। जन संघर्ष यात्रा के दौरान उन्हें इस बात का अनुमान भी हो ही गया होगा कि कितनी जनता उनके साथ है और यह भी कि कांग्रेस में रहकर उनका भविष्य क्या रहेगा।

> पिछले विधानसभा चुनाव में सचिन पायलट के कारण कांग्रेस को युवाओं का खूब समर्थन प्राप्त हुआ था। लेकिन स्वयं को ठगा महसूस कर रहे सचिन पायलट को भी लग रहा है कि कांग्रेस सरकार ने युवाओं के साथ किए वायदे पूरे नहीं किए हैं। सचिन पायलट के साथ यात्रा में चलने वाले सैकड़ों युवा आगे चुनाव तक पायलट के लिए मददगार बनेंगे। हर जिले और गाँव तक इस यात्रा की प्रमुख बातें पहुचायेंगे। पायलट के साथ चलने वाले ये युवा चुनाव में कई भूमिका निभा सकेंगे। इनमें छात्र नेता भी साथ चल रहे हैं। बहरहाल, अपनी यात्रा के दौरान पायलट खुलकर मुख्यमंत्री गहलोत और कांग्रेस सरकार के खिलाफ मुखर हैं। मीडिया हो या जनता, दोनों के बीच पायलट ने युवाओं के मुद्दों को उठाया है। पेपर लीक का मुद्दा हो या फिर रोजगार की समस्या, पायलट ने युवाओं से कहा है कि हम इन मुद्दों पर अड़े रहेंगे। भ्रष्टाचार के मुद्दे को भी पायलट जोर–शोर से उठा कर कांग्रेस सरकार की कठिनाइयां बढ़ा रहे हैं।

## अमृत कलश

# अर्धनारीश्वर

**शिवजी** का अर्धनारीश्वर रूप उनकी शक्ति का प्रतीक है। शिव एक मात्र महादेव हैं जिनका आधा रूप नारी का आधा रूप पुरुष का है। शक्ति के बिना सृष्टि संभव नहीं है। बिना नारी के किसी का जन्म संभव नहीं है। शिव और शक्ति सृष्टि का मूलाधार है। बिना शक्ति के शिव शव के समान है। शिव बाबा जगत कल्याण और अपने भक्तों के दुख के निवारण के लिये विभिन्न नामों व रुपों में प्रकट होते हैं जो देवताओं के लिये भी संभव नहीं है। इन विभिन्न रुपों से मनुष्यों के साथ देवताओं की भी मुक्ति होती है। शिव बाबा का त्रिदेव में सबसे ज्यादा महत्व है I एक मात्र देव है जिनको महादेव भी कहते हैं एक मात्र देव हैं जिनकी ब्रम्हाण्ड प्रतीक शिवलिंग की पूजा होती है। शिव की पूजा सभी देवी देवताओं ने की थी। सृष्टि की रचना ब्रम्हाजी ने की I विष्णु जी पालक और रक्षक का कर्तव्य निभाते हैं। इसके चलते सृष्टि में जो असन्तुलन पैदा होता है, उसकी जिम्मेदारी शिव बाबा की है। शिव की भूमिका संहारक की है। इसका मतलब यह नहीं है कि वह मृत्यु देने वाले हैं। वह मृत्युंजय हैं वह संहार करके नये बीजों को, व मूल्यों के लिये जगह खाली करते हैं। शिव मंगल के प्रतीक हैं शिव संस्कृति हैं। शिव वस्त्र के रूप में बाघ की खाल को इस्तेमाल करते हैं। यह वस्त्र ऊर्जा का प्रतीक है। चन्द्र समय की निरंतरता का प्रतीक है। सागर मंथन में निकले 14 रत्नों में से जब विष को देवताओं ने ग्रहण नहीं किया तो संसार को विनाश से बचाने के लिये शिव ने उस विष को धारण कर उसकी गर्मी की शांति के लिये अपने मस्तक पर शापित चंद्र को धारण कर उसको सम्मान दिया।यह सन्देश है बुराई को गले से नीचे न उतारने का और शान्ति के लिये मस्तक को शीतल रखने का। शिव अपने तन में विभूति रमाते हैं। शिव अपना श्रृंगार शमशान की राख से करते हैं। शिव का एक रुप सर्व शक्तिमान महाकाल का भी है। शिव जन्म मृत्यु के चक्र को नियंत्रित रखते हैं। उन्होंने गले में सर्प लटकाया हुआ है जो योगीश्वर रूप का प्रतीक है। सांप न तो संचय करता है न ही अपने रहने के लिये घर बनाता है। वह स्वतंत्र रूप से सब जगह विचरण करता है। शिव के गले में सांप की तीन लपेटे हैं जो भूतकाल भविष्यकाल और वर्तमान काल का प्रतीक है। शिव के हाथों में विद्यमान डमरू नाद ब्रह्मा का प्रतीक है जब डमरू बजता है तो उसकी ध्वनि आकाश पाताल पृथ्वी को एक ताल में बांध देती है। यही नाद सृष्टि के सृजन का मूल बिन्दु है। शिव के त्रिनेत्र सृष्टि के सृजन पालन संहार के केन्द्र बिंदु है। एक नेत्र ब्रह्मा दूसरा विष्णु तीसरा स्वयं शिव का रूप माना जाता है। कोई पहले नेत्र को धरती दूसरे को आकाश तीसरे को प्रज्ञा मानते हैं।अग्नि का नेत्र खुला तो कामदेव भस्म हो गये थे।

## बोध कथा

# श्रेष्ठ और महान कौन?

**एक** बार मगध के सम्राट बिम्बिसार संत सत्यकेतु के आश्रम में पहुंचे और दण्डवत होकर निवेदन किया ,"भगवन ! इस विश्व में श्रेष्ठ और महान व्यक्ति कौन है?" सत्यकेतु ने सामने खेत में काम कर रही एक अधिक उम्र की वृद्धा की ओर संकेत करते हुए कहा, 'उधर देखिए, उस वृद्धा के शरीर में शक्ति नहीं है, लेकिन कुदाली चला रही है। जानते हो क्यों?"

**तब सम्राट ने पूछा, "क्यों?"**

सत्यकेतु ने समझाया 100 वर्ष की अशक्त वृद्धा कुंआ अपने लिये नहीं खोद रही है। आप अपने लिये जीते हैं। मैं दूसरों के लिये जीता हूं। लेकिन यह वृद्धा मानव जाति के लिये जीना चाहती है। कुंआ खोदकर यह आते-जाते राहगीरों को पानी पिलायेगी। इसमें शक्ति नहीं है और ना ही इसे कुएं की आवश्यकता है। फिर भी लोक कल्याण की भावना इसमें कितनी है और यह भविष्य की सोच रखने वाली है। इसलिए कहता हूं कि वह विश्व की महानतम प्राणी है।

## भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) दुनिया का सबसे बड़ा व व्यापक अनुसंधान संस्थान है

# कृषि के नये अध्यायों में आत्मनिर्भर भारत की बुनियाद

ललित गर्ग

> नौ वर्ष के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शानस में भारत के उत्कर्ष, नव उदय और उत्थान के अनेक स्वर्णिम अध्याय लिखे गये हैं, इन 9 वर्षों में देश के समग्र विकास और समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक के कल्याण के लिए जो कदम उठाए गए हैं, वे स्तुत्य हैं। कृषि भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। हमारी 70 फीसदी ग्रामीण आबादी कृषि या उससे जुड़े अन्य कार्यों से अनपी आजीविका चलाती है। ऐसे में उन्नत खेती एवं किसानों के कल्याण के लिये सरकार ने व्यापक प्रयत्न किये हैं और इन प्रयत्नों की पारदर्शिता एवं नरिन्तरता जरूरी है।

**भारत** में उन्नत कृषि की नई इबारत लिखी जा रही है। आत्म-निर्भर भारत की बुनियाद बनाने में कृषि आधार होगी। कृषि के माध्यम से ही भारत दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनने को तत्पर है। वैश्विक स्तर पर भारत की कृषि एक अनुकरणीय उपक्रम बन रही है, भारत कृषि नेतृत्वकर्ता एवं मार्गदर्शक की भूमिका में आ रही है। नौ वर्ष के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शासन में भारत के उत्कर्ष, नव उदय और उत्थान के अनेक स्वर्णिम अध्याय लिखे गये हैं, इन 9 वर्षों में देश के समग्र विकास और समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक के कल्याण के लिए जो कदम उठाए गए हैं, वे स्तुत्य हैं। कृषि भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। हमारी 70 फीसदी ग्रामीण आबादी कृषि या उससे जुड़े अन्य कार्यों से अपनी आजीविका चलाती है। ऐसे में उन्नत खेती एवं किसानों के कल्याण के लिये सरकार ने व्यापक प्रयत्न किये हैं और इन प्रयत्नों की पारदर्शिता एवं निरन्तरता जरूरी है। कृषि और किसान कल्याण मंत्री के रूप में नरेन्द्र सिंह तोमर के नेतृत्व में भारतीय कृषि ने अनूठे नये अध्याय रचे हैं। वर्तमान सरकार ने कृषि को सर्वाधिक महत्व दिया है। अवसर और संसाधन तो पूर्ववर्ती सरकारों को भी पर्याप्त मिले थे, लेकिन परिणाम निराशाजनक ही रहे। कृषि कभी भी उनकी प्राथमिकता का क्षेत्र नहीं रहा। कृषि का प्राथमिकता के क्षेत्रों में आना सुदृढ़ एवं शक्तिशाली भारत का द्योतक है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) दुनिया का सबसे बड़ा व व्यापक अनुसंधान संस्थान है। संस्थान की अब तक की प्रगति प्रशंसनीय है। चाहे उत्पादन के लक्ष्य को प्राप्त करना हो, उत्पादकता बढ़ानी हो या जलवायु अनुकूल फसलें उत्पन्न करने की चुनौती हो, हर क्षेत्र में हमारे कृषि वैज्ञानिकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्राचीन काल में परंपरागत खेती के बाद कृषि के क्षेत्र की प्रगति में किसानों के परिश्रम के साथ ही वैज्ञानिकों का अनुसंधान मील का पत्थर साबित हुआ है। अब तक यह यात्रा संतोषजनक रही है, लेकिन देश को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में लाने के लिए वर्ष 2047 तक अमृत काल में कृषि की चुनौतियों का समाधान, उन पर विजय प्राप्त करने का सरकार का लक्ष्य निश्चित ही सराहनीय है। विगत 9 वर्षों में कृषि क्षेत्र में किए गए भगीरथी प्रयासों के परिणाम अब स्वतः ही दृष्टिगोचर होने लगे हैं। जहां वर्ष 2013-14 में कृषि के लिए बजट में मात्र 21933 करोड़ रुपए था, वहीं इस वर्ष 2023-24 के बजट में 1 लाख 25 हजार करोड़ रुपए की



धनराशि का प्रावधान कृषि के लिए किया जाना सरकार की दूरगामी सोच को दर्शाता है। 2019 में शुरू की गई प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का उद्देश्य हर किसान को प्रति वर्ष 6 हजार रुपए के रूप में ऐसा आर्थिक संबल दिया जा रहा है, जिससे न केवल किसान प्रतिकूल समय में कर्ज के जाल में फंसने से बच सके, बल्कि इस धनराशि से समय पर खाद-बीज की व्यवस्था भी कर सके। अन्याय क्षेत्रों के साथ कृषि क्षेत्र में भारत का वर्चस्व दुनियाभर में बढ़ रहा है, इसके साथ ही दुनिया भर की अपेक्षाएं भी बढ़ रही हैं। 2047 तक नए भारत को गढ़ने का लक्ष्य है। नए भारत के लिए नया विज्ञान, अनुसंधान, नया कौशल तथा नया इनोवेशन चाहिए क्योंकि आने वाला कल नए भारत का है। इसके लिए श्री नरेंद्र मोदी की सरकार नित-नए मंत्रों के आधार पर काम कर रही है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास मोदी का मूलमंत्र है, किसी को न छोड़ते हुए लक्ष्य की ओर निरंतर बढ़ते जाना। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री लाल बहादुर शास्त्री ने नारा दिया था- जय जवान, जय किसान। पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने इसमें विज्ञान को जोड़ा और मोदी ने इसमें अनुसंधान भी जोड़ दिया है। भारत की कृषि के लिए यह मंत्र बन गया है- जय जवान जय किसान, जय विज्ञान और जय अनुसंधान। कृषि उत्पादों की दृष्टि से उल्लेखनीय तरक्की हुई है, भारत ने 4 लाख करोड़ रु. से अधिक का निर्यात किया है, जो अब तक का सबसे अधिक है। प्राकृतिक खेती व जैविक खेती पर बल देने के कारण इस तरह के उत्पाद दुनिया में और भी ज्यादा लोकप्रिय होने वाले हैं। जिससे भविष्य में निर्यात और बढ़ेगा, इसके लिये जरूरी है कि कृषि उत्पादन की गुणवत्ता वैश्विक मानकों पर खरी उतरने वाली हो, इस पर विशेष ध्यान देना होगा। प्राकृतिक खेती पर सरकार का बल है। प्रधानमंत्री श्री मोदी का आग्रह है कि हम प्राकृतिक खेती यानी गाय आधारित खेती करें। वेस्ट टू वैल्थ का काम हो। हमारे उत्पादों की गुणवत्ता और सुरक्षा भी अधिक रहे। निश्चित ही प्राकृतिक खेती अब भारत की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए भारतीय प्राकृतिक कृषि पद्धति के अंतर्गत 8 राज्यों आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, केरल, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, मध्यप्रदेश व तमिलनाडु में 4.09 लाख हेक्टेयर क्षेत्र कवर किया गया है। सरकार प्राकृतिक खेती को जन आंदोलन बनाने की राह पर हैं और राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत देश के 1 करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहे हैं। मोदी का यह मिशन मृदा, किसान, कृषि और आमजन सभी के लिए हितकारी साबित होगा, इससे किसानों की समृद्धि बढ़ेगी एवं कृषि का क्षेत्र सर्वाधिक महत्वपूर्ण होगा। संपूर्ण दुनिया की खान-पान से जुड़ी विसंगतियों और उनसे उपजती स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के निदान की दिशा में भारत सरकार की पहल पर संयुक्त राष्ट्र का वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष घोषित किया गया है। श्रीअन्न यानी मिलेट के उत्पादन, संवर्धन एवं विकास में भारत की अगुवाई बेहद महत्त्वपूर्ण कदम है। श्रीअन्न यानी मोटे अनाज को जनआंदोलन बनाने से जहां हमारी खाद्य विसंगतियों में सुधार आएगा, वहीं पोषण में भी सुधार होगा। साथ ही छोटे और मझोले किसानों के लिए भी श्री अन्न की खेती वरदान साबित होगी। कम पानी में होनी वाली ये फसलें बहुत उपयोगी साबित होंगी। मोदी ने ही मोटे अनाज की उपयोगिता को उजागर किया है, जिससे दुनियाभर में मोटे अनाज के लिये लोगों का आकर्षण बढ़ रहा है, भारत के योग एवं अहिंसा की ही भांति मोटे अनाज से दुनिया में भारत एक नयी पहचान बनाने के लिये अग्रसर है। देश के समग्र और संतुलित विकास को आगे बढ़ाया जा रहा है। जब समग्र विकास की बात करें तो कृषि का क्षेत्र देश के बैकबोन की तरह होना ही चाहिए। जलवायु परिवर्तन जैसी विभिन्न समस्याएं, किसानों की खड़ी फसलों में प्राकृतिक प्रकोप से नुकसान होने की चुनौती जैसे जटिल हालातों में नए भारत में कृषि की नई टेक्नालॉजी, नए अनुसंधान से कृषि एवं किसानों को जोड़ना हमारी प्राथमिकता होनी ही चाहिए। किसानों की आमदनी भी बढ़नी चाहिए, उनके घर में समृद्धि दिखे तथा गांवों को और कृषि क्षेत्र को समृद्ध किया जाये, तभी भारत वास्तविक रूप में नया भारत बन सकेगा।

# खुशियों भरी सफलता

> पश्चिमी दुनिया में और भारतीय संस्कृति में जो एक मूलभूत अंतर है वो यह भी है कि यहां हम अनपे ज्ञान को शौक नबा लेते हैं, व्यवसाय नहीं नबाते। पश्चिमी देशों में, खासकर अमेरिका में बच्चे यही सीखते हैं कि अनपे ज्ञान को, अनपे पैशन को ही अनपा व्यवसाय भी नबा लो ।जापान में तो इकीगाई के न ाम से पूरी संस्कृति ही इस बात पर टिकी है कि अनपे ज्ञान और पैशन को ही अनपा व्यवसाय भी नबा लो। जिस बिनजेस को चलाने में और बढ़ाने में आनंद भी मिले, वह तो सोने पर सुहागा जैसा है। यह जानते हुए भी हम ज्ञान को पैशन से आगे न हीं बढ़ाते, उसे अनपे व्यवसाय में नहीं बदलते, उसे अनपी आय का सानध या अतिरिक्त आय का सानध नबाने की बात न हीं सोचते। इकीगाई के चार स्तंभ हैं निजमें से पहला है पैशन, यानी धुन। किसी काम की धुन होना, इस हद तक उसके पीछे पडना कि वो नसक नब जाए। वो होता है पैशन। इकीगाई का दूसरा स्तंभ है मिशन, यानी लक्ष्य, जीनव का लक्ष्य। तीसरा स्तंभ है वोकेशन, यानी वह काम जिसमें रुचि हो, वह व्यवसाय जिसमें रुचि हो।

**हम** सब जानते हैं कि सैर पर जाना सेहत के लिए अच्छा है। हम सब जानते हैं कि भोजन चबा-चबाकर खाना सेहत के लिए अच्छा है। हम जानते हैं कि यह सच है, मानते भी हैं कि यह सच है, पर जानते और मानते हुए भी हम उसे जीवन में नहीं उतारते। अक्सर ऐसा ही होता है, ज्यादातर लोगों के साथ ऐसा ही होता है। हम सब जानते हैं कि कुछ नया सीखना अच्छा है क्योंकि इसके कई लाभ हैं। पहला लाभ तो यही है कि हमने कुछ नया सीख लिया, दूसरा लाभ यह है कि यह समय का सदुपयोग है, तीसरा लाभ यह है कि जब हम कुछ नया सीखते हैं तो हमारे मस्तिष्क का व्यायाम होता है, हमारे मस्तिष्क के न्यूरॉन नये तरीके से जुड़ते हैं और हमारी याद्दाश्त तेज होती है, चौथा लाभ यह है कि अगर हम कुछ नया सीखते हैं तो हम अपने उस नये ज्ञान को अपनी आय का साधन भी बना सकते हैं। पश्चिमी दुनिया में और भारतीय संस्कृति में जो एक मूलभूत अंतर है वो यह भी है कि यहां हम अपने ज्ञान को शौक बना लेते हैं, व्यवसाय नहीं बनाते। पश्चिमी देशों में, खासकर अमेरिका में बच्चे यही सीखते हैं कि अपने ज्ञान को, अपने पैशन को ही अपना व्यवसाय भी बना लो। जापान में तो इकीगाई के नाम से पूरी संस्कृति ही इस बात पर टिकी है कि अपने ज्ञान और पैशन को ही अपना व्यवसाय भी बना लो। जिस बिजनेस को चलाने में और बढ़ाने में आनंद भी मिले, वह तो सोने पर सुहागा जैसा है। यह जानते हुए भी हम ज्ञान को पैशन से आगे नहीं बढ़ाते, उसे अपने व्यवसाय में नहीं बदलते, उसे अपनी आय का साधन या अतिरिक्त आय का साधन बनाने की बात नहीं सोचते। इकीगाई के चार स्तंभ हैं जिनमें से पहला है पैशन, यानी धुन। किसी काम की धुन होना, इस हद तक उसके पीछे पडना कि वो सनक बन जाए। वो होता है पैशन। इकीगाई का दूसरा स्तंभ है मिशन, यानी लक्ष्य, जीवन का लक्ष्य। तीसरा स्तंभ है वोकेशन, यानी वह काम जिसमें रुचि हो, वह व्यवसाय जिसमें रुचि हो। चौथा और अंतिम स्तंभ है प्रोफेशन, यानी वह व्यवसाय जिसमें महारत हो, कुशलता हो, जिस काम में हम कुशल हों, जिसे हम सरलता से और ठीक तरीके से कर सकें। इन चारों के मेल से बनता है इकीगाई। इसे थोड़ा और समझते हैं। जब सिर्फ पैशन और प्रोफेशन मिलते हैं, यानी वह काम जिसकी हमें धुन लगी हो, सनक हो और हमें उसमें महारत भी हो, हम वो करने लग जाएं तो तसल्ली तो बहुत होती है लेकिन धीरे-धीरे यह भी समझ आने लगता है कि हमारी इस धुन का और इस महारत का दुनिया के लिए कोई उपयोग नहीं है, तो आखिरकार अनुपयोगी होने की स्थिति खलने लगती है। इसी तरह अगर पैशन के साथ मिशन भी मिल जाए, यानी हम कोई ऐसा काम करना शुरू कर दें जिसकी हमें धुन भी थी और वही हमारे जीवन का लक्ष्य भी था तो खुशी तो बहुत मिलती है पर उसे हम ऐसे व्यवसाय में नहीं बदल सकते जिससे हमें धन भी मिले। हमें समझना होगा कि हम सांसारिक व्यक्ति हैं, परिवार भी चलाना है और परिवार चलाना है तो धन भी चाहिए ही। कहा भी गया है कि 'भूखे भजन न होई गोपाला'। इसी का अगला पक्ष है कि हम कोई ऐसा काम करना शुरू कर दें जिसमें हमें रुचि हो और वही हमारे जीवन का लक्ष्य भी हो, यानी मिशन और वोकेशन मिल जाएं और हम उसे व्यवसाय बना लें तो यह तो सच है कि हम खूब उत्साह से काम करेंगे, संतोष भी होगा कि हम वही कर रहे हैं जो करना चाहते हैं लेकिन उसमें हमेशा एक अनिश्चितता बनी रहेगी क्योंकि उस काम का केंद्र हम हैं, लोग नहीं। हमने यह नहीं देखा कि लोगों को उसकी जरूरत है या नहीं। हमने यह नहीं देखा कि हमारे उस काम की बाजार में भी कोई मांग है या नहीं, क्योंकि दुनिया को उसकी जरूरत तो है पर वो उसके लिए पैसे नहीं देना चाहते, खर्च नहीं करना चाहते। इसकी जगह हम किसी ऐसे व्यवसाय में पड़ जाएं जिसमें हमारी रुचि है और महारत भी है, हम उसे कुशलतापूर्वक कर भी सकते हैं, यानी वोकेशन और प्रोफेशन मिल जाएं तो हमें धन तो मिलेगा पर संतोष नहीं होगा। हम हल में जुते हुए बैल की तरह बन जाते हैं जो काम तो करता है, पर एक ही दायरे में घूमता रहता है। आत्मसंतोष के बिना किया जाने वाला व्यवसाय, चाहे उसमें कितना ही धन क्यों न हो, अंततः जीवन में खालीपन का एहसास करवाता है। इसीलिए इकीगाई संस्कृति का मानना है कि हम ऐसा व्यवसाय चुनें जिसमें इकीगाई के चारों स्तंभों का संतुलन हो, यानी पैशन (धुन), मिशन (जीवन का लक्ष्य), वोकेशन (रुचि) और प्रोफेशन (वह व्यवसाय जिसमें हम कुशल हों), ये चारों मिल जाएं तो इकीगाई हो जाती है, यानी जीवन में पूर्णता आती है, संतुलन आता है, समृद्धि आती है और खुशी भी आती है। मैं इसे 'खुशियों भरी सफलता' कहता हूं जिसका अर्थ है कि हम जीवन के हर क्षेत्र में सफल हैं, हमारा परिवार खुशहाल है, हमारे रिश्तों में मिठास है और हमारे पास सुख-सुविधा के आवश्यक साधन भी हैं। इस सीख के तीन चरण हैं। पहला चरण है जानना, किसी तथ्य को जानना, उसकी जानकारी होना, उसका पता होना। दूसरा चरण है मानना, यह मानना कि हां, यह सच है, संभव है, डू-एबल है, करने योग्य है। तीसरा चरण है ठानना, यह ठान लेना कि इसी को जीवनयापन का, आय का, या कम से कम अतिरिक्त आय का साधन बनाएंगे। जानने और मानने की बात हम शुरू में ही कर चुके हैं। वहां तक कुछ खास नहीं होता, जब तक कि हम ठान न लें, यानी एक्शन न लें, उसे जीवन में न उतारें, उसका कार्यान्वयन न करें। लेकिन जैसे ही हम ठान लेते हैं तो चमत्कार होने शुरू हो जाते हैं। रास्ते की कठिनाइयां दूर करने के लिए नये-नये विचार आने शुरू हो जाते हैं। योजना को अमलीजामा पहनाने में देर तो हो सकती है, साधन इक_ करने में भी अड़चनें आ सकती हैं, लेकिन धीरे-धीरे उनके समाधान निकल आते हैं, संयोग बनते चलते हैं, चमत्कार होते चलते हैं और काम बन जाता है। ठान लेने की बात है, सब कुछ यहीं से शुरू होता है। कोविड के जब नौकरियां गईं, व्यवसाय बंद हुए और बिजनेस माडल बदलने पड़ गए, तब समझ आया कि आपका ज्ञान, आपकी पैशन, आपका व्यवसाय भी बन सकता है। बेरोजगारी सामने थी तो सोचना शुरू हुआ, कोशिश शुरू हुई और आखिरकार दिन फिरे क्योंकि यह स्पष्ट हो गया था कि कोशिश करेंगे तो हल निकलेगा, आज नहीं तो कल निकलेगा, जो आज है थमा-थमा सा, वो भी चल निकलेगा। अब हमें करना सिर्फ यह है कि हम उस पाठ को न भूलें, जीवन में इकीगाई को अपनाएं, पूर्णता को अपनाएं, व्यावसायिक दृष्टि से सफल हों और रिश्ते भी मजबूत बनाएं, मिठास भरे बनाएं ताकि जीवन में खुशहाली भी हो। ऐसा होगा तो इकीगाई हो जाएगी, खुशियों भरी सफलता आएगी। यही करना है, बस यही करना है।

## नागरिक बोध

# मौसमों की उठापटक का उपहार

**बंधु** मौसम बदल रहा है? जी नहीं, वह मौसम नहीं कि जिसमें हम सिर हिला कर कहें कि अरे इस बार तो गर्मी पड़ी ही नहीं। चिलचिलाती हुई गर्मी का महीना क्या इस बार केवल किताबों में ही दिखाई देगा? यहां तो आलम यह है कि दो दिन भरपूर गर्मी पड़ती है और तीसरे दिन ऐसे भरपूर बादल घिर-घिर आते हैं, अन्धड़ चलती है, बारिश और ओले तक गिर कर हमारे घर आंगन को सराबोर कर देते हैं। लीजिए, जैसा हमारा यह तपता हुआ मैदानी इलाका न हुआ। इस शहर में चिरापूंजी घुस आया हो। अजी इतनी दूर जाने की जरूरत ही क्या है? करीब रहना है तो अपने शहर में धर्मशाला की आमद महसूस कर लो। इन बदलते मौसमों का क्या कहें? लम्बा वक्त हो गया, शायद पूरा डेढ़ साल, जब से अपने शहरों में हम वायरस कहलाने वाले आगन्तुकों का प्रवेश महसूस कर रहे हैं। यह वायरस अचानक प्रकट होते हैं और आपको महामारी का तोहफा दे जाते हैं। लीजिये साहिब, जब यह महामारी ही आपका पीछा न छोड़े, लहर दर लहर चली आये, ठंड, कंपकपी, खांसी, तेज बुखार और फिर फेफड़ों की घुटन बांटती फिरे। अच्छे भले लोगों को बिस्तर पर डाल दे। मौतों के अम्बार लगा दे, परन्तु आप इसे अभिशाप कहिए, तोहफा क्यों और कैसे कहने लगे? क्या भाषा का अपना सब ज्ञान भूल गए। 'जी नहीं, विद्वान कहां भूलते हैं सब कुछ।' फिर संक्रमण के रूप बदल कर लौट आने को इन्सानों पर वज्रपात नहीं, तोहफा कहने की धृष्टता क्यों करते हैं। जरूर इनमें उनका मानवीय चेतना को जगाने का कोई संदेश छिपा होगा। सामाजिक अंतर रखने का कोई आग्रह या मास्क या सैनेटाइजर के पुनः प्रयोग की कोई चेतना छिपी होगी जिसे उन्होंने तोहफा कह दिया। नहीं बन्धु, जिन्दगी इतनी सरल और नये-नये डिजिटल हुए भारत के उस वैबीनार नुमा जहां की तरह नहीं कि जहां आपने शब्दों के अर्थ का रूप बदल कर उन्हें एक तालियां बजाने वाली आदर्शवाद धरातल दे दी। परन्तु अगर रूप बदलने की बात ही करनी है, तो महामारी की लहर दर लहर को प्रणोता उस धूर्त वायरस के बदलते रूपों की पहचान क्यों न करो? पिछले डेढ़ साल से इसने अच्छी-भली जिन्दगियों को बंद घरों के अजनबी कमरों में कैद रहने की मजबूरी बना दिया है। सुबह, दोपहर, शाम के चेहरे बदल दिये हैं। सुबह उठने पर धर्म स्थानों की जगह अपने अन्तस में ईश्वर टटोलने का संदेश दे दिया है। दोपहर में मुंह का बुर्का ओढ़ कर दो हाथ दूर से बतियाने का संदेश अलगाव का निगाहबान बना दिया और शाम अकेलेपन की उन अनुभूतियों से सनी हुई है जहां कहवा घरों से मयखानों के दरवाजों तक तुम्हें आमंत्रित नहीं करते और छविगृहों से लेकर क्लब घर तुम्हारे बैठक कक्षों में सिमट आये हैं। यहां बीवी की नुक्ताचीनी और बच्चों की छीना-झपट तुम्हें जीवन के क्षणभंगुर हो जाने का संदेश देती रहती है। तब फिर जवाब दो तुमने इस बदले जीवन के चेहरे पर तोहफे का नकाब ओढ़ाने का साहस कैसे कर लिया? अजी आलीजाह हमने यह साहस कहां किया। हम तो अभी भी उसी फुटपाथ पर हैं, अच्छे दिन आ जाने के किसी नये भाषण पर विश्वास करते हुए।

## देश दुनीया से

# भू-जल का बढ़ता महत्त्व

**जलवायु** परिवर्तन के दौर में पूरी दुनिया में जल आपूर्ति अपने आप में एक चुनौती के रूप में उभरती दिख रही है। पृथ्वी का 71 प्रतिशत हिस्सा पानी से ढका हुआ है। कुल उपलब्ध जल का 97 फीसदी भाग सागरों में है, जो खारा है, इसलिए पीने या सिंचाई के काम नहीं आ सकता है। केवल तीन प्रतिशत ही प्रयोग के योग्य है, जिसमें 2.4 प्रतिशत ग्लेशियरों में है। केवल 0.6 प्रतिशत जल ही नदियों, झीलों आदि में है। पृथ्वी पर कुल 32 करोड़ 60 लाख खरब गैलन पानी है। यह मात्रा घटती-बढ़ती नहीं है। सागरों से पानी भाप बन कर बादलों के रूप में बरसता है। इसमें से कुछ ही ग्लेशियरों और बर्फ, नदी जल, भूजल के रूप में धरती पर रुक जाता है, बाकी बह कर फिर समुद्र में चला जाता है। जो पानी धरती पर रुक गया वही हमारे उपयोग के योग्य बचता है। जलवायु परिवर्तन से जमीन पर गर्मी बढ़ रही है और इससे ग्लेशियर और बर्फ के रूप में रुकने वाला जल ग्लेशियर और बर्फ के पिघलने की गति बढ़ने के कारण घटता जा रहा है। अति वृष्टि और अनावृष्टि का चक्र चल पड़ा है। वर्षा वाले दिन कम हो रहे हैं और वर्षा की बौछार बढ़ती जा रही है। कई कई दिन होने वाली बारीक बारिश की फुहार गए जमाने की बात हो गई है, जिससे भूजल पुनर्भरण ज्यादा होता था। ग्लेशियर पिघलने की दर तेज होने से आकलन के मुताबिक 2050 तक हिमालय के ग्लेशियर लगभग समाप्त हो जाएंगे, जिससे नदी जल की वर्ष भर की सतत आपूर्ति बाधित हो जाएगी। इससे भूजल पर निर्भरता बढ़ती जाएगी। इस समय भी देश में 61.6 फीसदी भूमि सिंचाई के लिए भूजल पर निर्भर है। केवल 24.5 फीसदी ही नहरों से सिंचित है। शेष अन्य पारंपरिक साधनों से सिंचाई होती है। कुल निकाले गए भूजल का 89 फीसदी सिंचाई के लिए, 2 फीसदी उद्योगों के लिए और 9 फीसदी घरेलू उपयोग के लिए प्रयोग हो रहा है। भूजल के अत्यधिक दोहन से भूजल स्तर लगातार नीचे जा रहा है, जिस कारण भूजल दोहन के लिए ऊर्जा का खर्च बढ़ता ही जा रहा है और देश के लगभग एक-तिहाई जिलों में स्थायी भूजल भंडार भी समाप्त हो गए हैं। हमें उतना ही भूजल निकालना चाहिए जितना हर वर्ष पुनर्भरण से इकट्ठा होता है। यदि उससे ज्यादा दोहन करेंगे तो स्थायी भूजल भंडार खत्म होते जाएंगे। इस आसन्न संकट को देख कर ही हमें भूजल विकास कार्यक्रम बनाने चाहिए और उनका अनुश्रवण करना चाहिए। भूजल के मामले में एक तो हमारे पास वर्तमान तकनीकों से मेल खाने वाले कानूनों का भी अभाव था, दूसरे व्यवस्थित अनुश्रवण व्यवस्था भी नहीं थी। 2005 के कानून ने इस कमी को कुछ हद तक पूरा किया है। उससे पहले 1882 का एक कानून था जिसके अनुसार कोई भी अपनी जमीन के नीचे से भूजल दोहन कर सकता था। जाहिर है कि उस समय ऊर्जा चालित गहरे कुएं बनाने की तो कोई सुविधा ही उपलब्ध नहीं थी। लोग रेहट, कुओं आदि से भूजल दोहन करते थे जिससे भूजल स्तर पर कोई प्रभाव पडने की संभावना ही नहीं रहती थी। आज जब एक डेढ़ हजार फुट नीचे तक से भूजल का निकास संभव हो गया है तो सोचना जरूरी है। भूजल भंडार कोई निजी जमीन तक सीमित रहने वाली संरचना नहीं है। भूगर्भ विज्ञान के विकास के साथ हमें पता चल गया है कि भूजल भंडार तो मीलों तक आपस में जुड़े हो सकते हैं। इसका अर्थ यह हुआ कि भूजल को निजी भूमि से जुड़े व्यक्तिगत अधिकार के रूप में मान्यता नहीं दी जा सकती है। भूजल एक सामुदायिक संसाधन है। इसलिए सामुदायिक हितों के दृष्टिगत ही इसका प्रबंधन होना चाहिए। वर्तमान कानून में इस दिशा में रास्ता बना है किन्तु मौके पर कानून के प्रावधानों को लागू करने की लचर व्यवस्थाओं से काम चलने वाला नहीं है।

> जलवायु परिवनर्त से जमीन पर गर्मी बढ़ रही है और इससे ग्लेशियर और बर्फ के रूप में रुनके वाला जल ग्लेशियर और बर्फ के पिघनले की गति बढने के कारण घटता जा रहा है। अति वृष्टि और अनावृष्टि का चक्र चल पड़ा है। वर्षा वाले निद कम हो रहे हैं और वर्षा की बौछार बढ़ती जा रही है। कई कई निद होने वाली बारीक बारिश की फुहार गए जमाने की बात हो गई है, जिससे भूजल पुनर्भरण ज्यादा होता था। ग्लेशियर पिघनले की दर तेज होने से आकनल के मुताबिक 2050 तक हिमालय के ग्लेशियर लगभग समाप्त हो जाएंगे, जिससे नदी जल की वर्ष भर की सतत आपूर्ति बाधित हो जाएगी। इससे भूजल पर नर्भिरता बढ़ती जाएगी। इस समय भी देश में 61.6 फीसदी भूमि सिंचाई के लिए भूजल पर नर्भिर है। केवल 24 .5 फीसदी ही नहरों से सिंचित है।

## संक्षिप्त खबरें

### अरगड्डा के इंदिरा चौक वट वृक्ष के नीचे महिला व्रतियों ने कथा सुन किया उपवास पूर्ण

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अरगड्डा ट्रैकर स्टैंड इंदिरा चौक के समीप शुक्रवार को बरगद पेड़ के पास वट सावित्री का पूजन व्रतियों द्वारा विधिवत किया गया। अवसर पर ब्राह्मण संजय गुरु के द्वारा वट सावित्री की कथा और इसके विधान के बारे में विधिवत व्रत्तियों को बताया गया। साथ ही इस व्रत को करने से किस प्रकार अपने सुहाग की रक्षा होती हैं। इसके बारे में भी जानकारी दी गई। वहीं महिला व्रतियों ने वटवृक्ष के तनो में कच्चा सूता का बंधन किया। जबकि बांस के पंखा और फल- फूल चढ़ाकर अपने सुहाग की रक्षा मंगल कामना किया। साथ ही अखंड सुहाग का वरदान मांगा।

### कोयलांचल के नव प्राथमिक, मध्य व हाई स्कूल में गर्मी की छुट्टी हुई घोषित

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कोयलांचल अरगड्डा- सिरका, जीएम ऑफिस समेत आस-पास के नव प्राथमिक विद्यालय, मध्य विद्यालय और हाई स्कूल में ग्रीष्म काल के छुट्टी की घोषणा शुक्रवार को कर दी गई। अब आगे विद्यालय एनपीएस, मध्य विद्यालय 6 जून और हाई स्कूल 9 जून को खुलेंगे। विद्यालय प्रबंधन सूत्रों ने बताया कि सरकार के द्वारा जारी पत्र में गर्मी को देखते हुए छुट्टी के अंतराल में विद्यालय खोले और छुट्टी बढ़ाई जा सकती हैं। वही गर्मी की छुट्टी घोषणा होने के बाद छात्र-छात्राएं अपने परिजनों और अन्यत्र भ्रमण करने जाने की बातें करते देखे गए।

### लगातार राजभवन के आदेश का उल्लंघन कर रहे हैं कुलपति : चंदन सिंह

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कुलपति विनोबा भावे विश्वविद्यालय मुकुल नारायण देव के द्वारा लगातार विश्वविद्यालय अधिनियम की धज्जियाँ उड़ाई जा रही हैं, वहीं राजभवन के आदेशों की भी अनदेखी की जा रही है उक्त बातें झारखंड मुक्ति मोर्चा छात्र संघ के अध्यक्ष चंदन सिंह पत्र के माध्यम से राज्यपाल को बताई।पत्र में उन्होंने बताया की पूर्व में कुलपति के किए अनैतिक कार्यो के ऊपर राजभवन ने रोक भी लगाया है।कुलपति के द्वारा पूर्व में लिये फ़ैसले जिसमें कुलपति कोटा,बिना अनुमति कुलसचिव नियुक्ति और बिना आहर्ता के सी.सी.डी.सी बनाने जैसे निर्णय पर राजभवन के द्वारा रोक लगाया गया है।साथ ही इनके द्वारा और भी कई अनैतिक निर्णय लिया गया है।वहीं राजभवन के द्वारा कुलपति के वित्तीय अधिकार और नीतिगत फ़ैसले लेने पर रोक लगने के बाद भी लगातार इनके द्वारा फ़ैसले लिये जा रहे हैं। दिनांक 19/05/23 को जहां फाइनेंस कमिटी की बैठक रखी गई है वहीं 23/05/23 को इनके द्वारा सिंडिकेट की बैठक की जा रही है।राजभवन के द्वारा इनकी शक्तियों पर रोक लगाने के बाद भी इनके द्वारा किए जा रहे कार्य राजभवन के लिए चिंता का विषय है और पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय भी बना हुआ है।इस संबंध में चंदन सिंह ने राज्यपाल से आग्रह है की कुलपति जैसे गरिमापूर्ण पद पर सुशोभित व्यक्ति के द्वारा इस प्रकार का क्रियाकलाप दुर्भाग्यपूर्ण है, अतः तत्काल इन्हें पदचूत्य किया जाए।

### बिहार की तर्ज पर आरक्षण नीति लागू करें हेमंत सरकार : डॉ आरसी प्रसाद

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड का निर्माण झारखंड के मूलवासी के विकास हेतु वर्षों के आंदोलन के बाद हुआ है। सैकडो आंदोलनकारी शहीद हुए एव अनेकों आंदोलनकारीयो को सजा हुई, तदोपरांत झारखंड को अलग राज्य का दर्जा तकरीबन 23 वर्ष पूर्व मिला। परंतु आज तक झारखंडियों के साथ छलावा किया किया जा रहा है।

इतने वर्षों के बाद भी आज सरकारी नौकरियां व्यापार,राजनीतिक संगठन, एमएलए एमपी 40 प्रतिशत बाहरी है। झारखंड बाहरियों का चारागाह है।उक्त बाते कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हजारीबाग विधानसभा के उपविजेता डॉ आरसी मेहता ने अपने कार्यालय में कहा। डॉ मेहता ने कहा कि उपरोक्त चारागाहीयो से निजात पाने के लिए बड़ी उम्मीद के साथ झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड वासियो ने चुना है।सरकार से निवेदन है देश के अन्य राज्यों की तर्ज पर झारखंड में आरक्षण नीति लागू किया जाए। आज बिहार में 90/10 आरक्षण नीति लागू है उसी तरह झारखंड में लागू किया जाए,यानी 90 प्रतिशत झारखंड के मूलवासी एवं 10 प्रतिशत देशवासी का आरक्षण लागू किया जाए।

आज झारखंड में 60/40 का अफवाह जोरों पर फैलाया जा रहा है।युवाओं को विपक्ष द्वारा दिग्भ्रमित किया जा रहा है इससे बचने के लिए झारखंड सरकार इच्छा शक्ति को बढ़ाते हुए 32 के खतियान के तहत झारखंड में 90/10 लागू करे। रघुवर सरकार के झारखंड विरोधी नीतियों एवं नाकामियों को देखते हुए 2019 में सत्ता परिवर्तन हुआ है इसे झारखंड सरकार को स्मरण करने की जरूरत है।अभी झारखंड के बेरोजगार नौजवान कुण्ठित उपेक्षित महसूस कर रहे है। बिहार में कुछ अच्छी नीतियां है जिसे आत्मसात करने की जरूरत है झारखंड के मूलवासी आदिवासी मदपान नशा पान के कारण गरीब होते जा रहे हैं बिहार में जातीय जनगणना शुरू हो गया है जिसे सामाजिक न्याय मिलेगा।इसलिए बिहार की तर्ज पर झारखंड में मध निषेध कानून लाया जाए।बेरोजगारी के कारण आज झारखंड वासी रोजी रोटी के लिए दूसरे राज्यों में पलायन कर रहे हैं खुले तौर पर कहा जा सकता है कि झारखंड खनिज संपदा से संपन्न होने के बाद भी पिछड़ता जा रहा है

पढ़ा-लिखा नौजवान आज भारत के अन्य राज्यों में मजदूरी करने को विवश है झारखंडी बेरोजगारों के हित के लिए राज्य में 90/10 आरक्षण नीति लागू किया जाए।

# बेटा-बेटी के उच्च शिक्षा के लिए खोलने होंगे बड़े संस्थान : संजय मेहता

प्रभात मंत्र संवाददाता



**बरही :** जनसंवाद यात्रा के माध्यम से लगातार जनमुद्दों की भी आवाज बुलंद की जा रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, अंचल कार्यालय के करप्शन, अफसरशाही के खिलाफ भी आवाज को धार दिया जा रहा है।जनसंवाद यात्रा के तहत बारा चौक, चौपारण में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान संजय मेहता ने संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा समाज के विकास का बुनियादी आधार है।यह बेहद चिंता का विषय है कि बरही विधानसभा क्षेत्र के अंदर अच्छे शैक्षणिक संस्थान नहीं हैं। उच्च शिक्षा को लेकर इस इलाके में बेहतर माहौल नहीं है। बेटी, बहनों के लिए महिला कॉलेज नहीं है।बिना शिक्षा की बुनियाद को मजबूत किये बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का संकल्प पूरा नहीं हो सकता। श्री मेहता ने कहा कि स्कूली शिक्षा के बाद एक बड़ी आबादी का पलायन महानगरों की तरफ हो जा रहा है। हमारी पहचान सिर्फ सस्ता श्रम उपलब्ध कराने की रह गयी है।हम जब तक अपने शैक्षणिक संस्थान अपने इलाके में नहीं स्थापित करेंगे हमारी पीढ़ियाँ उच्च शिक्षा से वंचित होती रहेंगी।जो परिवार सम्पन्न नहीं हैं, जिनके पास आर्थिक संपन्नता नहीं है, नगरों, महानगरों का खर्च उठाने का सामर्थ्य नहीं है उनके बच्चे कैसे पढ़ पाएंगे उनके बारे में भी हमें सोचना होगा। समाज में जो लोग हाशिए पर खड़े हैं उनकी भी चिंता करनी होगी। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र हो, चतरा लोकसभा क्षेत्र हो या बरही विधानसभा क्षेत्र हो या झारखंड के अन्य पिछड़े इलाके हों हर जगह शैक्षणिक स्थिति की हालत चिंताजनक है।संजय मेहता ने कहा कि यदि जनप्रतिनिधि, सरकार शैक्षणिक संस्थानों को स्थापित करने में विफल हैं तो इसमें जनभागीदारी करनी होगी। और जनसहयोग से ट्रस्ट संस्था बनाकर अपने संस्थान खड़े करने होंगे। नेताओं के भरोसे बैठे रहने का नतीजा है कि संयुक्त बिहार से लेकर अलग राज्य के 22 साल बाद भी हमारे इलाके में अच्छे कॉलेज नहीं खुल पाए। संजय मेहता ने आह्वान किया कि सबको मिलकर अपनी पीढ़ियों को शिक्षित करने का बीड़ा उठाना होगा। भुनेश्वर यादव ने कहा कि बुनियादी मसलों पर सबको गंभीर होना होगा। शिक्षा, स्वास्थ्य जनता के बुनियादी मसले हैं। इन विषयों पर ठोस पहल किये जाने की जरूरत है।हालांकि हमें ठगकर ऐसा नहीं किया जा रहा। नेताओं की इन चालाकी को समझना होगा। नेताओं ने इस इलाके के साथ छल किया है। बच्चों की उच्च शिक्षा का ख्याल इस इलाके में नहीं रखा गया है। श्री यादव ने कहा कि अब वक्त आ गया है कि इसकी आवाज बुलंद की जाए। आइए हम सब मिलकर सम्पूर्ण विकास के संकल्प का एक आवाज बुलंद करें। उन्होंने यह भी कहा कि अब स्थानीय प्रतिनिधि की जरूरत है जो क्षेत्र का कल्याण कर सकें।

## गोरहर थाना प्रभारी मुकेश कुमार ने संभाला पदभार

प्रभात मंत्र संवाददाता



**बरकट्ठा :** पुअ नि मुकेश कुमार 2012 बैच के गोरहर थाना प्रभारी के रूप में पदभार ग्रहण कर आज गोरहर थाना में अपना योगदान दिया।थाना प्रभारी ने योगदान देने के बाद कहा कि थाना क्षेत्र में शांति,व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण,विधी-व्यवस्था,सोहार्दपूर्ण वातावरण कायम रखना मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी।बताते चलें कि तत्कालीन थाना प्रभारी कृष्णा कुमार साहा का तबादला यातायात थाना हजारीबाग हो गया है।

## लॉ कॉलेज में नामांकन को लेकर छात्र नेताओं ने की शिकायत

प्रभात मंत्र संवाददाता



**हजारीबाग :** यूनिवर्सिटी के लॉ कॉलेज में एलएलबी पाठ्यक्रम 2023- 26 सेशन में नामांकन को लेकर शुक्रवार को यूनिवर्सिटी लॉ कॉलेज में छात्र नेताओं ने लॉ कॉलेज पहुंचकर प्रदर्शन किया और नारेबाजी की नामांकन को लेकर छात्र नेताओं ने देर शाम बात की इस मामले में छात्र नेता अनीश सिंह ने कहा कि लॉ कॉलेज के नामांकन में अनियमितता बरती गई है ,इस वर्ष में एलएलबी के नामांकन में पैसे लेकर नामांकन कराया गया है।पूर्व छात्र नेता प्रकाश यादव ने प्राचार्य पर आरोप लगाया कि इस वर्ष 4 से अधिक छात्रों का नामांकन अवैध रूप से हुआ है, छात्र ने आगे कहा कि 4 छात्रों में से अमित कुमार सिंह , यशराज राणा इसका रोल नंबर 120 है इन छात्रों का नामांकन अवैध रूप से एलएलबी में किया गया है । अमित कुमार सिंह जिसका इंटरनल भी लिया गया है और रोल नंबर विच पाया जा रहा है तथा अटेंडेंस शीट को भी छुपाया जा रहा है , इस वर्ष इसी को लेकर छात्र नेताओं ने प्राचार्य से बात की और कहा कि इन छात्रों का नामांकन रद्द किया जाए और मेरिट के आधार पर एलएलबी में नामांकन सुनिश्चित किया जाए। मौके पर उदय कुमार ,रवि सिंह, सागर कुमार उपस्थित थे ।

## जनसेवक संघ का हड़ताल 11वां दिन भी जारी

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ़ :** जन सेवक संघ के हड़ताल का 11 वां दिन भी जारी रहा। मौके पर पहुंच कर महामंत्री जन सेवक संघ लोकेश कुमार ने बताया कि धरना में बैठने के कारण जिले में जनसेवको के जिममें जो काम थे वे सभी प्रभावित हो रहे हैं उन्होंने उम्मीद जताया की जल्दी सरकार हमारी ओर ध्यान आकृष्ट कर हमारी मांगों को पूरा करेंगे साथ अनुरोध किया गया कि जल्द से जल्द हमारी मांगों पर सकारात्मक विचार किया जाए। इस मौके पर रविंद्र कुमार महतो, विकास प्रसाद, उमेश कुमार, अजीत कुमार गुप्ता, बिमल कुमार बेदिया, विनीता सिंह, आलोक मित्रा, परमानंद कुमार, ज्ञानी प्रताप भारती, जितेंद्र प्रसाद, विकास कुमार, संदीप कुमार, पंकज कुमार , महादेव महतो छत्रधारी महतो, आनंद कुमार, जॉर्ज टुडू, रवि सागर पाण्डेय बड़ी संख्या में जनसेवक उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने किया चितरपुर प्रखंड का दौरा

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ़ :** शुक्रवार को उपायुक्त, रामगढ़ माधवी मिश्रा ने रामगढ़ जिला अंतर्गत चितरपुर प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उपायुक्त ने चितरपुर प्रखंड में निर्माणाधीन झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय का निरीक्षण कर कार्य प्रगति का जायजा लिया। मौके पर उपायुक्त ने अब तक हुए कार्यों की जानकारी लेते हुए गुणवत्ता को ध्यान में रखने एवं जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने निर्माणाधीन झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में पेयजल सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में भी कार्य करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण निगम, प्रखंड विकास पदाधिकारी चितरपुर सहित अन्य उपस्थित थे।

# औद्योगिक इकाइयों के अंतर्गत कार्यरत अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ़ :** शुक्रवार को भारत सरकार के सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय हज़ारीबाग के द्वारा जिमखाना क्लब, रांची रोड़ में वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण 2021-22 के लिए विभिन्न उद्यमों में आये हुए चार्टर्ड अकाउंटेंट, अकाउंटेंट एवं अन्य अधिकारियों के प्रशिक्षण हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित जिला योजना पदाधिकारी सह जिला सांख्यिकी पदाधिकारी रामगढ़, समीर कुल्लू एवं सभी गणमान्यों द्वारा सांख्यिकी के जनक डॉ0 प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी सह कार्यालय प्रभारी सूरज कुमार के द्वारा उपस्थित सभी का स्वागत किया गया। तत्पश्चात उपस्थित सभी प्रशिक्षुकों को वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण से संबंधित डेटा ऑनलाइन मंत्रालय के पोर्टल में प्रविष्ट करने की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। वहीं वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी के0 वी0 शेखर एवं जयदेव कुमार ने वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण से संबंधित अनुसूची को भरने की जानकारी उपस्थित सभी को दिया। ततपश्चात डॉक्यूमेंट्री वीडियो द्वारा सभी को विस्तार पूर्व अन्य पहलुओं से अवगत कराया गया। कार्यशाला में भाग लेने वाले उद्यमों में जिंदल स्टील से श्याम किशोर एवं संजीव कुमार, सेल से अभय सागर, झारखंड इस्पात से संजय गोयल एवं मोहित कुमार शर्मा, बिहार फाउंड्री स अतुल कुमार एवं सुशांत प्रसुन्न, बर्नपुर सीमेंट से चंदन शर्मा एवं मुकेश कुमार, ब्रह्मपुत्र से उपेंद्र कुमार, दयाल स्टील से आर0 के0 तिवारी एवं अमर नाथ चौधरी, त्रिवेणी अपैरल से पीयूष कुमार सिंहा सहित अन्य उद्यमों के अधिकारी उपस्थित हुए।धन्यवाद ज्ञापन एवं मंच संचालन कनिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी नेमीचंद कुमार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कनिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी आशीष कुमार कंधवे, सतीश गुप्ता, सर्वेक्षण पर्यवेक्षक अनुराग रंजन, सर्वेक्षण प्रगणक कुंदन कुमार साव, बृजकिशोर सिंह एवं आदेशपाल जय प्रकाश पासवान सहित अन्य ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### वोकेशनल कोर्स में नामांकन शुरू

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय अंतर्गत विभिन्न कॉलेजों और विभागों में संचालित त्रिवर्षीय स्नातक वोकेशनल पाठ्यक्रम में नामांकन के लिए चांसलर पोर्टल के माध्यम से आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके लिए आवेदक चांसलर पोर्टल www.jharkhand universites.nic.in से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। नामांकन के लिए सीयूईटी की परीक्षा में शामिल होना आवश्यक नहीं है। कॉलेज की प्राचार्या डॉ संध्या प्रेम ने बताया कि मार्खम कॉलेज में पांच विषयों में वोकेशनल कोर्स की पढ़ाई संचालित है। जिसमें बैचलर इन जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन (बीजेएमसी), बैचलर इन बिजनेस एडमिस्ट्रेशन(बीबीए), बैचलर इन मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी(बीएमएलटी), बैचलर इन कंप्यूटर एप्लिकेशन(बीसीए), बैचलर इन टैक्सेशन लॉ एंड प्रैक्टिसेज(बीटीएलपी) त्रिवर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम हैं। इन वोकेशनल कोर्स से विद्यार्थी किसी खास क्षेत्र के उस विषय के बारे में दक्षता हासिल करते हैं। सभी वोकेशनल कोर्स में सीटें निर्धारित है। उन्होंने बताया कि अपनी रूचि के अनुसार विद्यार्थी वोकेशनल कोर्स की डिग्री हासिल कर अपनी करियर एवं लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। वोकेशनल कोर्स करने के दौरान विद्यार्थियों में रोजगारपरक नैतिकता के साथ कौशल विकास भी होता है। कॉलेज में संचालित बैचलर इन जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन में नामांकन के लिए 45 प्रतिशत अंक के साथ किसी भी स्ट्रीम में इंटरमीडिएट अथवा 10+2 पास होना अनिवार्य है। बीबीए में 45 प्रतिशत अंकों के साथ इंटरमीडिएट अथवा 10+2 पास साइंस,आर्ट्स और कॉमर्स के विद्यार्थी नामांकन ले सकते हैं। बीएमएलटी में नामांकन के लिए 45 प्रतिशत अंकों के साथ साइंस स्ट्रीम से फिजिक्स ,केमिस्ट्री गणित अथवा जीवविज्ञान से 12वीं पास होना अथवा डीएमएलटी होना जरूरी है। बीसीए में नामांकन के लिए मैथमेटिक्स, बिजनेस मैथमेटिक्स अथवा कंप्यूटर साइंस के साथ 45 प्रतिशत अंकों से इंटरमीडिएट अथवा 10+2 पास होना अनिवार्य है। बीटीएलपी में 45 प्रतिशत अंकों के साथ इंटरमीडिएट अथवा 10+2 पास साइंस और कॉमर्स के विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## बड़कागांव में सुहागिनों ने अखंड सौभाग्य प्राप्ति के लिए वट सावित्री पूजा की

प्रभात मंत्र संवाददाता



**बड़कागांव :** प्रखंड के विभिन्न गांव में सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु, सुखद वैवाहिक जीवन, सुख, समृद्धि के लिए उपवास रख कर वट सावित्री की पूजा की। सुहागिन महिलाएं सुबह से ही नए वस्त्र, आभूषण व चुनरी ओढ़ सोलह श्रृंगार से सुसज्जित होकर विधि -विधान से वट वृक्ष (बरगद वृक्ष) की पुजा के लिए जुट गई थी। वृक्ष का परिक्रमा कर रक्षा सूत्र धागा बांधते हुए पति की लंबी आयु की कामना की। वट वृक्ष के नीचे सावित्री सत्यवान की कथा सुन अपने अंखड सौभाग्य व सुखद वैवाहिक जीवन की कामाना की। सुहागिनों ने बताया कि इस पूजा में बांस के बने पंखे जिसे बेंना भी कहा जाता है जिससे वट वृक्ष को हवा दिया जाता है और पति की लंबी आयु की कामना करते हैं। व्रत करने वाली व्रती महिला पति के पैर धोकर व पंखे से हवा देकर प्रसाद ग्रहण करती हैं। दान करने की भी कहीं कहीं परंम्परा है जिससे जीवन में शीतलता प्रदान हो। वट सावित्री पूजा मनाने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। सावित्री की अल्पआयु पति सत्यवान से विवाह हुई थी जिसने इस व्रत को करके यमराज से अपने पति की लंबी आयु प्राप्त की थी और सौ पुत्रों का वरदान पाया था। वट वृक्ष की लताएं ब्रह्मा, विष्णु और महेश का प्रतीक है। वट वृक्ष में भगवान शिव पार्वती का वास माना जाता है। वहीं वैज्ञानिक मान्यतानुसार वट वृक्ष बरगद का पेड़ गर्मी के दिनों में अधिक शीतलता प्रदान करता है। अधिक मात्रा में जीवनशक्ति ऑक्सीजन देता है।

## चाणक ग्रामीणों ने पानी आपूर्ति की मांग को लेकर सिरका कोलयरी खुली खदान बैरियर के समक्ष किया प्रदर्शन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**सिरका :** सीसीएल सिरका खुली खदान के बेरियर लगे मुख्य सड़क पर गांव चाणक के ग्रामीणों ने पानी, सड़क, नौकरी, मुआवजा को लेकर कई महिला, पुरुषो ने प्रबंधन के उदासीन रवैया के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान महिलाएं व पुरुष गांव चाणक में पानी की समस्या को दिखाने के लिए हाथों में डब्बे, टेक्की को लेकर आए हुए थे। ग्रामीण महिला गीता देवी, तेतरी देवी, कुलदीप बेदिया, रवि बेदिया ने बताया कि बीते शनिवार 13 मई को भी पानी, सड़क, नौकरी, मुआवजा के सवाल पर मजबूर होकर सिरका प्रबंधन के खिलाफ आंदोलन करना पड़ा था। बताया कि मौके पर पहुंचकर सिरका पीओ श्रीकांत शर्मा, प्रभारी मैनेजर कामेश्वर महतो व अन्य अधिकारियों ने 4 दिनों के अंदर गांव चाणक में पानी व्यवस्था करने का वादा किया था। लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

जिसके बाद आज शुक्रवार छठे दिन बाध्य होकर आंदोलन करना पड़ा। गांव चाणक में पीने का पानी और दिनचर्या जीने के लिए हम सभी विस्थापित ग्रामीण 30 घरो के परिवारों के डेढ़ सौ लोगों को दामोदर नदी ढ़ेड़ से 2 किलोमीटर दूर जाना पड़ता हैं। गर्मी के कारण पीने के पानी भी पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल पा रहा हैं। गांव आने के लिए ग्रामीण सड़क की भी उचित व्यवस्था प्रबंधन ने नहीं किया हैं। वही इसके बाद प्रबंधन सिरका के प्रभारी मैनेजर कामेश्वर महतो, सुरक्षा पदाधिकारी एसएन तिवारी और ग्रामीण प्रतिनिधि जगनारायण बेदिया, करमचंद उरांव, रमेश बेदिया व अन्य के बीच सिरका कार्यालय में वार्ता हुई। वार्ता में प्रबंधन ने शुक्रवार संध्या से टैंकर के द्वारा पानी आपूर्ति करने, गांव चाणक के लिए रास्ता बना कर देने का वादा दोबारा किया।

### पति की दीर्घायु होने की कामना के लिए की वट सावित्री की पूजा अर्चना

**रजरप्पा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रजरप्पा कोयलांचल क्षेत्र में सुहागिनों ने अपने पति की लंबी उम्र की कामना के लिए विधि विधान से वटवृक्ष के सामने पूजा अर्चना की सुबह से देर शाम तक महिलाओं ने पूजा अर्चना के पश्चात सुहागिन एक दूसरे सुहागिनों को सिंदूर डाली एवं विशाल का बरगद वृक्ष पर रक्षा सूत्र बांधकर पति की लंबी उम्र होने की कामना की उधर चितरपुर प्रखंड क्षेत्र के रजरप्पा प्रोजेक्ट आवासीय कॉलोनी सांडी मारगमरचा,बड़की पोना ,लारी, सुकरी गड्डा ,कुंदरू कला छतर मांडू ,लोधमा छोटकी पोना ,बारलौग, दुलमी प्रखंड क्षेत्र के सोसो, उसरा, सिरू, सिकनी,होनहे आदि दर्जनों पंचायत के अलावे बरियातू गांव में बड़ी धूमधाम से मनाई वटसावित्री पूजा सुहागिनों द्वारा विभिन्न पंचायतों के शिव मंदिरों एवं विशालकाय वट वृक्ष के समक्ष विधि विधान से पूजा अर्चना कर कथा वाचन का श्रवण भी किया बरियातू के वटवृक्ष पर महिलाओं ने रक्षा सूत्र और पूजा याचना कर पति की लंबी आयु की कामना की गई महिलाओं में आज के दिन काफी हर्षोउल्लास और उपवास रखकर वटवृक्ष पर पूजा करती हैं यह पर्व पति की लंबी आयु और परिवार के सुख शांति की कामना को लेकर महिलाएं पूजा करती हैं विभिन्न क्षेत्रों के आचार्यो द्वारा विधि विधान से पूजा कराएं और गांव की महिलाएं जिम्मी ,रिंकी बिना देवी रीता देवी गीता देवी सुनीता देवी राधिका देवी पूर्णिमा देवी देवी, भाग्यलक्ष्मी देवी, पूजा देवी ,शीला देवी ,अनीता देवी ,रिंकी देवी, पिंकी देवी, माया देवी, किरण देवी काजल देवी सुलेखा देवी , सविता देवी, पूजा देवी, चिंता देवी, लक्ष्मी देवी ,पारो देवीसहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं पूजा की शामिल रहे

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरे

### सीओ की अध्यक्षता में हुई प्रज्ञा केंद्र संचालकों की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** जलडेगा अंचल कार्यालय में अंचलाधिकारी डॉ खगेन महतो की उपस्थिति में प्रखण्ड के सभी प्रज्ञा केंद्र संचालकों के साथ बैठक किया गया। बैठक में अंचलाधिकारी डॉ महतो ने प्रज्ञा केंद्र संचालकों को झारखंड कृषि ऋण माफी योजना के अंतर्गत कृषकों के लंबित ई केवाईसी को पूर्ण करने का निर्देश दिया। सीओ ने कहा कि वैसे किसान जिनका केवाईसी अभी तक नही हुआ है उन्हें चिन्हित कर अविलंब उनका केवाइसी किया जाए जिससे उन्हें सरकार के कृषि ऋण माफी का लाभ मिल सके इस कार्य में आत्मा के अधिकारियों को भी प्रज्ञा केंद्र संचालकों की सहायता करने का निर्देश दिया गया। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी, आत्मा के कर्मियों सहित प्रज्ञा केंद्र संचालकों की उपस्थिति रही।

# सुदर्शन भगत, डॉ. रामेश्वर उरांव व समीर उरांव ने संयुक्त रूप से तीन पथों का किया शिलान्यास

➲सड़क का चौमुखी विकास केंद्र की पहली प्राथमिकता : सुदर्शन भगत

➲पथ का निर्माण होने से आवागमन आसान होगा : डॉ रामेश्वर उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** विधायक लोहरदगा सह माननीय मंत्री योजना सह वित्त विभाग, वाणिज्य कर विभाग, खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार डॉ रामेश्वर उरांव, लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत एवं राज्यसभा सांसद समीर उरांव द्वारा संयुक्त रूप से लोहरदगा जिले के जीमा से बराठपुर मन्हो से भक्सो मोड़, भक्सो से ऐने, नदी नगड़ा, बाघी पथ कुल तीन पथों के शिलान्यास किया गया। मौके पर सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि केंद्र सरकार मोदी जी के नेतृत्व लगातार ग्रामीण सड़कों के निर्माण एवं मरम्मती का कार्य चल रहा और हमारी प्राथमिकता कि लोकसभा क्षेत्र में ग्रामीण और शहरी अधूरे सभी सड़कों, निर्माण सुदृढ़करण का कार्य अधूरा न रहे। ग्रामीणों ने जब भी अपनी समस्या को बताई है उसके निवारण के लिए उचित स्थान पर हरसंभव मेरा प्रयास रहा है। आज लगभग ग्रामीणों सुदूर क्षेत्रों में भी सड़कों को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पूरी की जा रही है। और केवल सड़कें ही नहीं स्वास्थ्य आयुष्मान भारत के उप स्वास्थ्य केंद्र का अपग्रेडेशन, सदर अस्पताल में क्रिटिकल केयर ब्लॉक निर्माण,शिक्षा के क्षेत्र में एकलव्य विधालय, केंद्रीय विधालय,कृषि समान निधि, यंत्रों में सब्सिडी जो केंद्र के द्वारा मिल रही, स्वच्छ जल के हर घर नल योजना के तहत हर स्व्च्छ पेयजल की व्यवस्था,सड़क जिले में बाईपास निर्माण,जनजाति समाज की उन्नति के लिए योजनाएं, बिरसा मुंडा की जयंती को राष्ट्रीय गौरव दिवस,अलबर्ट एक्का के नाम से एक द्वीप नामकरण कर राष्ट्रीय सम्मान दिया है, वहीं पंचायत के उन्नति के लिए वित्तीय वर्ष की योजना के माध्यम कई सुविधाओं को गांव में ही सुविधा बहाल कर रही है। मै आगे केंद्र से जुड़ी सभी योजनाओं समाज के अंतिम व्यक्ति तक करते रहेंगे। वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि इस पथ के निर्माण से आवागमन एक प्रखंड से दूसरे प्रखंड एवं गांव से गांव में आसान हो जाएगा। पब्लिक ट्रांसपोर्ट, व्यापार कृषि,आदि को भी बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोग ज्यादा लाभान्वित होंगे। बरसात आदि मौसम में भी किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होगी और सड़क मार्ग दुरुस्त होने से लोगों का समय भी बचेगा। मौके पर राजकिशोर महतो, लाल नवल नाथ शाहदेव, चंद्रशेखर अग्रवाल, राजकुमार वर्मा, लाल विश्वजीत शाहदेव, शंभु सिंह बिगल मुंडा, पशुपति नाथ पारस, सजल कुमार, सूरज दसोंधी, कपिन्द्र महतो, अमित लोहरा, दीपक साहू, ललित शाहदेव, कोलंबस राम, अल्लाहबख्स, सीताराम चौधरी, सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जयसवाल, जिलाध्यक्ष सुखेर भगत, कार्यकारी जिलाध्यक्ष शकील अहमद, ठाकुर प्रसाद विशाल डुंगडुंग, सद्रुल अंसारी, फहद सामुल अंसारी, खान, कुलदीप खाखा, एजाज अंसारी, संभू प्रजापति, सीमा भगत, राजमणि उरांव, सुशीला देवी, अमृता भगत, प्यारी उरांव, सरिता देवी, रफीक अंसारी, असलम अंसारी, अविनाश कुमार, बीरेंद्र उरांव, आदि उपस्थित थे।

## उप-प्रमुख मधुलिका रानी ने वट-सावित्री पुजा पर प्रखंड की महिलाओं को दी शुभकामनाएं



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 19 मई शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र के गाँवो मे सुहागिन महिलाओं ने वट-सावित्री व्रत धूमधाम एवं उत्साह के साथ किया व्रत मे पुजा-अर्चना। इस अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के हनहट, सढाबे, कैरो, गजनी, नरौलीव गुड़ि के गाँवो मे आज शुक्रवार को वट वृक्ष के नीचे सुहागिन महिलाओ का वटसावित्री पुजा को लेकर उत्साह दिखाई दिया, वही प्रखंड क्षेत्र के महिलाओं ने पुजा अर्चना के पाश्चात्य वृक्ष पर रक्षा-सूत्र बांधकर पति की दीर्घायु जीवन का किया कामना। इस अवसर पर कैरो प्रखंड उप-प्रमुख मधुलिका रानी ने भी कैरो अपने आवास के समीप वट-वृक्ष की पुजा अर्चना कर रक्षा सूत्र बांधकर अपने पति की दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए प्रखंड के सभी सुहागन महिलाओं को बट-सावित्री पुजा की शुभकामनाएं दी है। उक्त व्रत के संबंध मे आचार्य कौशलकान्त त्रिपाठी ने प्रेस से कहा कि उक्त व्रत को सतयुग मे राजा अश्वपति ने संतान प्राप्ति हेतू कठिन तपस्या किया तब व्रम्हा जी के आशीर्वाद से उनके यहाँ सावित्री नाम की कन्या का जन्म हुआ था जिसका विवाह व्रम्हा जी ने सत्यवान से तय कर दी थी जिनकी आयु मात्र 01 वर्ष थी। सावित्री ने इसी वट-वृक्ष का पुजा कर अपने पति सत्यवान जिनकी आयु 01 वर्ष थी, यमराज से भी लड़ गई, और व्रम्हा को प्रसन्न कर उनकी आयु को दीर्घायु में परिणत करवा दी। तब सतयुग काल से आज तक पृथ्वीलोक मे वट-वृक्ष वट-सावित्री पुजा का विधि विधान, परम्परा, रीतिरिवाज वर्षो वर्ष से युग युगांतर से चली आ रही है।

## पिरामल स्वास्थ्य द्वारा आयुर्वेद चिकित्सकों की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहस्त्रदगा :** पिरामल स्वास्थ्य द्वारा पारम्परिक आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को जीवंत रखने के लिए पंचायत भवन सेन्हा में आदिवासी चिकित्सको के साथ बैठक आयोजित किया गया। आयोजित पारम्परिक आयुर्वेद चिकित्सक बैठक में जनजातीय वैद्य संघ का गठन किया गया। जिसका नाम माँ वनशक्ति जड़ी बूटी वैद्य संघ रखा गया है। तथा संघ का गठन करते हुए वैद्य लक्ष्मण टाना भगत को अध्यक्ष बनाया गया । इस दौरान पिरामल स्वास्थ्य के गुमला क्षेत्र के क्षेत्रिय प्रबंधक विकास कुमार सिंह द्वारा बताया गया। कि जड़ी बूटी उपचार हमारी प्राचीनतम चिकित्सा पद्धति है। आर्युवेद कि पारम्परिक चिकित्सा पद्धति जड़ी बूटियों के ज्ञान का विशाल भण्डार जनजाति परम्परा है। जो बोली और भाषाओं में छिपा हुआ है। इस खजाने से भावी युवा पीढ़ी को परिचित कराने की संभावनाओ पर विचार किया जाना चाहिए। वही बैठक में संघ के सभी पदाधिकारियों द्वारा निर्णय लिया गया कि प्रत्येक माह के तृतीय शुक्रवार को मासिक वैठक का आयोजन किया जायगा। साथ ही मौके पर उपस्थित पिरामल स्वास्थ्य के जिला प्रतिनिधि संजय पाण्डेय द्वारा बताया गया। कि जड़ी बूटी उपचार हमारी प्राचीनतम चिकित्सा पद्धति है। साथ ही इस पद्धति को सुदृढ़ करने के लिए जड़ी बूटी संरक्षण के साथ- साथ प्राचीन आर्युवेदिक चिकित्सा पद्धति का विस्तार दस्तावेजी करण, रेफरल प्रणाली का निर्धारण हर्बल गार्डेन सहित अन्य विषयों पर निर्माण के लिये चर्चा किया गया। बैठक में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी यक्ष्मा सुधीर कुमार राय,मुखिया धनवाज उरांव के अलावे संघ के सदस्य वैद्य कलसू भगत,लहसू टाना भगत, कार्तिक भगत,दिलेश्वर,कोइली भगत,रंजीत भगत,भूखा महली अजय भगत सहित अन्य ग्रामीण वैद्य उपिस्थित थे।


## शिक्षा के प्रति हो जागरूक, कार्यशाला का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित को रिसोर्स कक्ष में समुदाय आधारित गुणवत्ता शिक्षा कार्यक्रम कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यशाला का जीप सदस्य, प्रमुख, बीडीओ, मुखिया, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, आकांक्षी जिला पदाधिकारी, सीआरपी, बीआरपी मौजूद थे। मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधि व पदाधिकारियों द्वारा एक साथ सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम को प्रारम्भ किया गया। कार्यशाला में जनप्रतिनिधि व पदाधिकारियों के सामूहिक बैठक आयोजित किया गया। इस दौरान सभी लोगों ने शिक्षा के प्रति निम्नलिखित बिंदुओं पर सुझाव दिया। जिसमें शिक्षा के लिये आगामी कार्य योजना तैयार किया गया। जिसमें मुख्य रूप से कार्यशाला में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों तथा शिक्षा विभाग के कर्मियों का एक व्हाट्सएप ग्रुप तैयार करना। और क्रिएट किये गए व्हाट्सएप ग्रुप के सदस्यों के साथ 3 महीने के बाद पुनः समीक्षा बैठक करना। तथा ग्रीष्मावकाश के उपरान्त विद्यालय खुलने के बाद सामूहिक रूप से सीआरपी, बीआरपी, जनप्रतिनिधियों के साथ सिनी के प्रतिनिधि द्वारा विद्यालय भ्रमण कर विद्यालय का कोई भी एक समस्या का समाधान के लिये श्रमदान करना और एसएमसी बैठक में अपने अपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को शामिल करना। एवं जनप्रतिनिधियो द्वारा अपने पंचायत के सभी विद्यालयों की समस्याओं का पता लगाकर उनका सूचीकरण करना और प्राथमिकता के आधार पर उन समस्याओं का समाधान करना। और विद्यालय स्तर के सभी कार्यो में ग्राम सभा के सदस्यों का सहयोग लेना। साथ ही कहा गया। कि गर्मी छुट्टी में जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर स्वयंसेवक का चयन करना तथा बच्चों को कम से कम छुट्टी में दो घंटा पढ़ाने के लिए प्रेरित करना। मुख्य रूप से कहा गया। मौके पर जीप सदस्य राधा तिर्की, प्रमुख फूलझरी देवी, बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रामकरण द्विवेदी, मुखिया अनिल उराँव, शोभा देवी, दिलीप उराँव, कमला देवी, बसन्ती देवी, धनवाज उराँव राजश्री उराँव के अलावे सीआरपी, बीआरपी तथा शिक्षा कर्मी उपस्थित थे।

## बच्चों के समग्र विकास हेतु समय-समय पर शिविर का आयोजन आवश्यक : जी पी झा



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा में माननीय प्राचार्य जी पी झा के तत्वावधान में पांच दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया गया। ग्रीष्मकालीन शिविर विद्यार्थी जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा है जिसे शैक्षणिक जीवन की चहल-पहल के बीच अनदेखा नहीं किया जा सकता। इन शिविरों में आयोजित गतिविधियां बच्चों को उनके जुनून और कौशल से परिचित होने में सहायता करती हैं। इस दौरान बच्चों में सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित होता है तथा वे सामाजिक भी बनते हैं। शिविर में बच्चों के लिए आर्ट एंड क्राफ्ट, कंप्यूटर कोडिंग, स्वास्थ्य देखभाल व घरेलू उपचार इत्यादि विषय रखे गए। शिविर के दौरान बच्चों के मध्य कुछ प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया जिनमें पेपर पॉट बनाने की प्रतियोगिता में सोनी कुमारी व ग्रुप ने, आधुनिक गहने बनाने की प्रतियोगिता में सीजा कच्छप व ग्रुप, डॉल बनाने की प्रतियोगिता में अनुष्का कुमारी व ग्रुप माचिस की डिबिया से क्राफ्ट बनाने की प्रतियोगिता में हिमांशु अमन व ग्रुप घरेलू उपचार प्रदर्शन में शौर्य शाश्वत, पूजा कुमारी तन्वी कुमारी साक्षी तिर्की साक्षी विश्वभारती समीक्षा लकडा व पायल कुमारी तथा कंप्यूटर कोडिंग प्रतियोगिता में वेद प्रकाश ने प्रथम, अनुराग कुमार ने द्वितीय व सक्षम भारती ने तृतीय स्थान अर्जित किया। शिविर के अंतिम दिन में कई विद्यार्थियों ने अपने अनुभव शिक्षकों तथा अन्य विद्यार्थियों के मध्य साझा किया। इसके अतिरिक्त भाषण तथा कई रंगारंग कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान माननीय प्राचार्य महोदय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें शिविर आयोजन का उद्देश्य बताते हुए विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए मॉडल तथा उनकी सृजनात्मकता की खुलकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा ईश्वर की सबसे अद्भुत कृति मानव है ईश्वर ने मानव को एक से बढ़कर एक प्रखर गुणों से संवारा हैं, आवश्यकता है उन्हें पहचानने की। विद्यार्थी अपने अंदर छिपी प्रतिभाओं को पहचान कर उन्हें पल्लवित व पुष्पित कर सके इसलिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अंत में शांति पाठ के साथ पांच दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन किया गया।

## सांसद सुदर्शन भगत ने लोहरदगा रेलवे स्टेशन के विकास कार्य का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** स्टेशन पर हो रहे विकास कार्य का अवलोकन करते हुए लोहरदगा लोकसभा माननीय सांसद सुदर्शन भगत कहा कि लोहरदगा और अन्य जिलों के लिए लाइफ लाइन मानी जाने वाली लोहरदगा टू रांची रेल लाइन के लिए केंद्र सरकार के द्वारा बहुत सारे विकास कार्य हो रहे हैं। केंद्र सरकार मोदी जी के नेतृत्व में रेलवे विभाग लगातार शहरी के साथ-साथ ग्रामीण लोगो की यात्रा को सुविधा युक्त एवं सरल बनाने के लिए लगातार योजनाबद्ध तरीके से काम कर रही है उसमें हमारा जिला लोहरदगा भी शामिल है। आने वाले दिनों में बहुत जल्द ही राजधानी भी रुकनी है इसके नियमित रेलवे स्टेशन लोहरदगा नगजुआ,टांगरबंसली और पिस्का पर बड़े पैमाने पर कार्य किए जा रहे हैं। प्लेटफार्म के दायरे बढ़ाए जा रहे हैं पटरिया बिछाई जा रहे। सेड एवं आयरन ब्रिज विद्युत सज्जा का कार्य हो रहा है। स्टेशनों पर स्वच्छता का ख्याल रखा जाए इसकी चिंता विभाग एवं हम आम नागरिक को भी करनी पड़ेगी। स्टेशन पर गाड़ी के आने जाने के क्रम तक शुलभ शौचालय का नियमित खुला रहे ताकि यात्रियों को असुविधा न हो इसके लिए भी स्टेशन पर मौजूद अधिकारियों को ध्यान देने की बात कही ।साथ ही रेलवे अधिकारियों से प्रतिक्षालय स्वच्छ एवं साफ हो इसकी भी ख्याल रखने की बात कही। मौके पर सुरक्षा की दृष्टिकोण से सांसद ने स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरे की वर्तमान स्थिति को पूछा और खराब रहने पर सुदृढ़ता के लिए अधिकारियों के संज्ञान में देकर ठीक कराने की बात कही।

## पति की लंबी उम्र के लिए सुहागिनों ने की वट सावित्री का पूजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र में सभी जगहों पर पति की लम्बी उम्र के लिये सुहागिनों ने की वट सावित्री का पूजन। लोहरदगा जिला अन्तर्गत सेन्हा प्रखंड क्षेत्र में प्रखंड मुख्यालय से गाँव तक हिंदू धर्मावलंबी महिलाओं द्वारा उपवास रखकर सोलहों प्रकार श्रृंगार कर पूजन का विभिन्न प्रकार का समग्र ले अपने सुहाग का रक्षा की कामना के लिये वट सावित्री का व्रत पूजन किया गया। व्रत को लेकर सुबह से ही महिलाएँ अपने अपने क्षेत्र के विभिन्न बरगद पेड़ के नीचे पूजन करते दिख रही थी। वही पंडित नर्मदेश्वर पथ, राजेश पाठक, अवनीश पाठक, विनय पाठक द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ महिलाओं को पूजन विधि के साथ वट वृक्ष का पूजन कराया गया। पूजन के उपरान्त महिलाओं ने अपने पति का दीर्घायु के लिये वट वृक्ष में कच्चा धागा बांधकर परिक्रमा कर लम्बी उम्र की कामना कर अखंड सुहागन रहने के लिये प्रार्थना की।वही आचार्य पंडितो पूजन के उपरान्त इस व्रत के संदर्भ में बताया कि पुरातनकाल में माता सती सावित्री द्वारा इस व्रत को अपने पति सत्यवान के लिये किया गया था। जिसे भगवान ब्रम्हा जी से सदा-सुहागन रहने के लिये मंगलकामना की थी। जिनके पति का उम्र विवाह से मात्र एक वर्ष का था। जिसे मृत्यु के पश्चात माता सावित्री ने यमराज ने पुनः जीवनदान प्राप्त किया था। तब से यह व्रत प्रचलित हुआ है। जिसे सुहागिन महिलाएँ पति का लम्बी उम्र के लिये इस व्रत को करते आ रही हैं।

## चलती बाइक में लगी आग, चालक ने बाइक से कूदकर बचायी जान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** जलडेगा थाना क्षेत्र के कोलोमडेगा के पास अपने मंगेतर से मिलने से पहले ही फिल्मी स्टाइल में युवक के चलती बाईक पर आग लग गई। युवक भी किसी फिल्मी हीरो की तरह बाईक से कूदकर अपनी जान बचाई। घटना गुरुवार को कोलोमडेगा गांव की है। दरअसल रनिया थानाक्षेत्र के मरचा भालूटोली निवासी नेल्सन तोपनो अपने मंगेतर से मिलने कोलोमडेगा गांव आ रहा था। मंगेतर के घर पहुंचाने से लगभग डेढ़ सौ मीटर पहले ही युवक के चलती बाईक पर आग लग गई। सड़क किनारे खड़ी महिलाओं ने युवक को चिल्ला कर आग लगने की जानकारी दी।युवक ने देखा सामने से आग की लपटे उठ रही है,युवक बाईक धीमी कर तत्काल बाईक से कूद गया। युवक के बाईक से कूदते ही धू-धूकर जलने लगा। जलते बाईक को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ लग गई, सभी लोग घटना से हतप्रभ थे। बजाज जेएच-01 सी आर 3427 एन एस 2000 बाईक नेल्सन तोपनो के भाई निर्मल तोपनो के नाम रजिस्टर्ड है।घटना के बाद स्थानीय लोगों ने आग बुझाने की भरसक कोशिश की,मगर आग को काबू नहीं किया जा सका। बाईक में आग लगने की खबर सुनकर युवक के मंगेतर भी देखते आयी, तब पता चला कि उनके मंगेतर के बाईक पर ही आग लगी है। बहरहाल एक बड़ी घटना होते-होते टल गई।आग की जानकारी अगर महिलाओ द्वारा युवक को समय रहते नहीं मिलती तो युवक की जान भी जा सकती थी। युवक जिस तरह बाईक से कूदकर अपनी जान बचाई, उसकी बहादुरी की बहुत तारीफ की जा रही है। घटना गुरूवार शाम की बताई जा रही है।

## बच्चों की शारीरिक और मानसिक विकास के लिए स्कूलों में खेल कूद का हुआ आयोजन



**जलडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लीड्स संस्था ने गुरुवार और शुक्रवार को बच्चों के मनोरंजन के लिए परबा लमडेगा और बनजोगा में खेल कूद का आयोजन किया। बैलून रेस, दौड़, कुर्सी रेस, बिस्कुट रेस, बोरा रेस, मेंढक रेस आदि प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया एवं बच्चों के बीच मिठाइयां एवं टॉफी भी बांटे गए। संस्था के समन्वयक आलोक कुमार ने कहा कि खेलकूद स्कूल के पाठ्यक्रम के अनिवार्य अंग होते हैं। वे छात्रों के शारीरिक और मानसिक विकास में योगदान करते हैं। खेलकूद के आयोजन से छात्रों को जो खेल पसंद है, उसे सीखने का अवसर मिलता है। इस बीच सभी विजेताओं को पुरस्कृत एवं प्रोत्साहित करने से बच्चों को आगे बढ़ने का हौसला बढ़ता है। खेल-कूद के माध्यम से शारीरिक विकास ही नहीं बल्कि मानसिक विकास भी होता है। इसीलिए सभी लोगों के जीवन में चाहे वो विद्यार्थी हो या अन्य लोग खेल-कूद का होना अधिक महत्वपूर्ण है।

## सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत ने डॉ. हेडगेवार की प्रतिमा का किया अनावरण

# सरस्वती विद्या मंदिर +2 विद्यालय में डॉ. मोहन भागवत ने कल्पतरु के लगाए पौधे





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर +2 विद्यालय लोहरदगा में डॉ हेडगेवार जी की प्रतिमा का अनावरण आरएसएस के सर संघचालक डॉ मोहन मधुकर भागवत द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्रीफल तोड़कर किया गया। तत्पश्चात दीप प्रज्वलित किया गया और डॉ हेडगेवार जी के प्रतिमा का लोकार्पण किया गया। डॉ हेडगेवार जी की प्रतिमा के दोनों तरफ कल्पवृक्ष का पौधरोपण सर संघचालक द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संघ के अखिल भारतीय सह प्रचारक प्रमुख अरुण जैन, अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख आलोक कुमार, अखिल भारतीय ग्राम विकास सदस्य सिद्धनाथ सिंह, क्षेत्र संघचालक देवव्रत पाहन, क्षेत्र प्रचारक प्रमुख अरुण झा, क्षेत्र प्रचारक रामनवमी, सह क्षेत्र प्रचारक रामकुमार, क्षेत्र व्यवस्था प्रमुख प्रेम अग्रवाल, क्षेत्र सद्भावना प्रमुख राकेश लाल, दक्षिण बिहार के प्रांत संघ चालक राजकुमार सिन्हा, झारखंड के प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल, प्रांत प्रचारक गोपाल शर्मा, प्रांत कार्यवाह संजय कुमार, जमशेदपुर विभाग कार्यवाह मनोज गिरी, गुमला विभाग संघचालक साहू प्रकाश लाल, विद्या भारती के क्षेत्र संगठन मंत्री ख्यालीराम, क्षेत्र मंत्री रामअवतार नारसरिया, राज्यसभा सांसद समीर उरांव, लोहरदगा के सांसद सुदर्शन भगत, गुमला विभाग कार्यवाह किनेश्वर महतो, विभाग प्रचारक शम्मी कुमार, जिला संघचालक मनोज दास, विद्या भारती नगर क्षेत्र विद्यालयों के समिति अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनोद राय, सचिव अजय प्रसाद, कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, सदस्य शशि कुमार गुप्ता, शोभा देवी, प्राचार्य उत्तम मुखर्जी, विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे, सुधीर अग्रवाल, ओमप्रकाश सिंह, स्नेह कुमार, सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल, कृपा प्रसाद सिंह, शिवशंकर सिंह, उमाकांत लाल, प्रणव पाठक, राजकिशोर महतो, गुमला विद्या मंदिर के अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह, सचिव अमृत मेटे, प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा, बड़की चापि विद्या मंदिर के सचिव भूषण तिवारी, प्रधानाचार्य मनोहर मोदी, कैरो के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार मांझी, रितेश कुमार, गणेश मिश्रा, पशुपतिनाथ पारस, संजय बर्मन, देवेंद्र मंडल,गोरख पांडे सहित तीनों विद्यालय के आचार्य, स्वयंसेवक एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। डॉक्टर भागवत सुबह 9:30 बजे महाविद्यालय परिसर में आए और लगभग 20 मिनट के लोकार्पण एवं पौधरोपण समारोह के उपरांत वापस लौट गए। इसके पूर्व उन्होंने शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर परिसर में सिर्फ फल का पौधा लगाया।

## अविराम कॉलेज ने शिक्षण अभ्यास की समापन पर विद्यालयों को भेंट की गई पुस्तके



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको, कुरू, लोहरदगा के द्वारा बीएड और डी एल एड द्वितीय वर्ष के शिक्षण अभ्यास की समाप्ति से पूर्व विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे विविध प्रकार के कार्यक्रम और प्रस्तुतियां स्कूल के बच्चो द्वारा प्रदर्शित की गई। प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी ने बताया कि सभी शिक्षण अभ्यास विद्यालयो से फीडबैक प्राप्त किया गया है जिससे शिक्षण अभ्यास को और प्रासंगिक बनाया जा सके। पंडरा, हेंजला, माराडीह स्थित विद्यालयो में दो सौ तीन पुस्तके प्रत्येक विद्यालय को अविराम कॉलेज द्वारा और विविध सांस्कृतिक सामग्री को अच्छे से रखने के लिए बड़े संदूक प्रदान किए गए पंडरा में अविराम के सचिव इंद्रजीत कुमार द्वारा पुस्तके और सामग्री विद्यालय परिवार को भेंट की गई और अत्यधिक संख्या में उपस्थित ग्रामीणों से अपील की गई कि वे इसी एकता के साथ अपने गांव का विकास करने के लिए प्रतिबद्ध हो चूंकि अविराम द्वारा पंडरा ग्राम को राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत गोद भी लिया गया है इसीलिए हमे भी समय समय पर अवगत कराते रहे अविराम सदैव तत्पर रहेगा, मुखिया अमर महली, प्रधानाचार्य शशि भूषण,सी आर पी सुदामा चौधर,विद्यालय के अध्यक्ष अदाउल अंसारी और सभी उपस्थित ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया गया कि वे इतना समय देते है और सहयोग करते हैं और असीम ऊर्जा से प्रेरणा स्त्रोत लाल राधेनाथ शहदेव जी का अत्यंत आभार व्यक्त किया गया और इसी प्रकार के कार्यक्रमों द्वारा ग्राम विकास का संकल्प लिया गया।राष्ट्रीय सेवा योजना पदाधिकारी कुंदन गिद्ध ने बताया कि जल्दी ही हम अन्य योजनाओं के साथ पुनः पंडरा में आयेंगे क्यों कि इस गांव के प्रति हमारा उत्तरदायित्व अत्यधिक है। अन्य विद्यालयों से माराडीह से रमेश साहू, चीरी से सिंधु कुमारी, रेनू, दीप्ति, बिलसमुनी, संतोष, टाटी से कांति, उमा, जगदीश, कस्तूरबा से मधुमिता, अंजली, पावरगंज से अर्चना, रोनक, कैरो से पवन भगत, प्रोजेक्ट संगीता मैम आदि शिक्षको, प्रधानाध्यापको के द्वारा अविराम के प्रशिक्छुओ को जो सिखाया गया उसके लिए रेणुका, रितिका, पंकज, पवन, मनु, ऋतु, बिनोद, शिव आदि ने आभार व्यक्त किया और सभी प्रशिक्षुओ को भावभीनी विदाई विद्यालयो द्वारा दी गई।

## चलते चलते एक नजर

### देश में 8 नए शहर बसाने की तैयारी

**नई दिल्ली :** केंद्र सरकार मौजूदा शहरों पर आबादी का बोझ कम करने के लिए आठ नए शहर विकसित करने की योजना पर विचार कर रही है। हालांकि, इसे लेकर वित्तीय रोडमैप अभी नहीं बना है। केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के विभाग की जी-20 इकाई के निदेशक एमबी सिंह ने बताया कि केंद्र सरकार परियोजना में अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा, नए शहरों के विकास को लेकर 15वें वित्त आयोग ने अपनी रिपोर्ट में सिफारिश की थी। इसे लेकर राज्यों ने केंद्र सरकार को 26 नए शहरों के लिए प्रस्ताव भेजे थे। जांच के बाद आठ नाम पर विचार किया जा रहा है। जल्द ही स्थान और उनके विकास की समयसीमा की घोषणा की जाएगी। एक नए शहर के विकास से उसके कम से कम 200 किमी के दायरे में सामाजिक और आर्थिक गतिविधियां बढ़ जाती हैं।

### ज्ञानवापी में मिली शिवलिंग जैसी संरचना के साइंटिफिक सर्वे पर सुप्रीम रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में मिली शिवलिंग जैसी संरचना की उम्र का पता लगाने के लिए साइंटिफिक सर्वे कराने के इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने कहा कि इस याचिका पर आगे मुख्य याचिका के साथ ही सुनवाई होगी। मस्जिद कमेटी ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने शिवलिंग जैसी संरचना की कार्बन डेटिंग किए जाने का आदेश दिया था। हाई कोर्ट ने वाराणसी के डिस्ट्रिक्ट जज को मामले की सुनवाई करने का आदेश देते हुए कहा था कि वैज्ञानिक सर्वे कब होगा और कैसे होगा, यह डिस्ट्रिक्ट जज तय करेंगे। हाई कोर्ट ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की ओर से पेश की गई रिपोर्ट पर आदेश जारी किया, जिसमें एएसआई ने कहा है कि बिना शिवलिंग को नुकसान पहुंचाए वैज्ञानिक सर्वे किया जा सकता है।16 मई, 2022 को कोर्ट कमीशन की कार्यवाही के दौरान मस्जिद के वजूखाने से शिवलिंग जैसी संरचना मिली थी।

### रिकार्ड रिटेंशन शेड्यूल पर दो दिवसीय शुरू

**रांची।** सीसीएल में 'रिकार्ड रिटेंशन शेड्यूल पर दो दिवसीय (18 एवं 19 मई, 2023) कार्याशाला का शुभारंभ 18 मई को सीसीएल मुख्यालय, रांची में किया गया। जिसका उद्घाटन सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र ने किया। इस अवसर पर नेशनल आर्काइव से सहायक निदेशक, आर्काइव उदय शंकर, थिन्गम संजीव, महाप्रबंधक (प्रशासन), यू.पी. नारायण, महाप्रबंधक (विधि/मासंवि), पार्थो भट्टाचार्यजी सहित मुख्यालय एवं क्षेत्रों के संबंधित नोडल अधिकारी उपस्थित थे। निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य सीसीएल में स्थापित वर्तमान कार्यप्रणाली को और बेहतर करना है। उन्होंने कहा कि कार्याशाला से निश्चय ही रिकार्ड को और बेहतर व्यवस्थित करने हेतु नवीनतम जानकारी मिलेगा और कार्यनिष्पादन सुगम होगा। सहायक निदेशक, आर्काइव उदय शंकर ने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से रिकार्ड रिटेंशन शेड्यूल के बारे में विस्तार से जानकारी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में महाप्रबंधक (प्रशासन), यू.पी. नारायण एवं उनकी टीम का सराहनीय योगदान रहा।

# गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव से छह दिनों तक पूछताछ करेगी एटीएस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को रिमांड पर लेकर छह दिनों तक पूछताछ करेगी। इसके लिए एटीएस ने कोर्ट में आवेदन दिया था। एटीएस के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में एटीएस ने रिमांड पीटिशन दाखिल कर अमन श्रीवास्तव की 15 दिनों की रिमांड में देने की इजाजत मांगी थी। लेकिन कोर्ट ने एटीएस को छह दिनों की ही रिमांड की मंजूरी दी है। अमन श्रीवास्तव की ओर से अधिवक्ता विश्वजीत मुखर्जी ने कोर्ट में बहस की। उन्होंने एटीएस की ओर से 15 दिनों की रिमांड मांगे जाने का पुरजोर विरोध किया। अमन श्रीवास्तव को गुरुवार सुबह न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया था, जिसके बाद कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। अमन श्रीवास्तव को जब कोर्ट लाया गया, उस दौरान सिविल कोर्ट में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गयी थी। छह जिलों की पुलिस के लिए चुनौती बना गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को झारखंड एटीएस ने मुंबई से गिरफ्तार किया था, जिसके बाद अमन श्रीवास्तव को बीते बुधवार को कड़ी सुरक्षा के बीच मुंबई से रांची लाया गया था।

## सिद्धारमैया के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे हेमंत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कर्नाटक के भावी मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए शनिवार को बेंगलुरु जाएंगे। इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। मुख्यमंत्री की यह यात्रा कई मायनों में अहम बताई जा रही है। कांग्रेस से प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और मंत्री आलमगीर आलम भी शपथ ग्रहण समारोह में बेंगलुरु जा रहे हैं। इसके पहले दिल्ली में हेमंत सोरेन ने कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश से भी मुलाकात की थी। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से भी मुलाकात की थी। हाल ही में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रांची में हेमंत सोरेन से आकर मुलाकात की थी और विपक्षी पार्टियों को एकजुट करने को लेकर चर्चा की थी।

## डॉ. स्टीफन मरांडी के रांची स्थित आवास पर आयोजित प्रार्थना सभा में शामिल हुए सीएम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन झारखंड विधानसभा सदस्य- सह - 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ स्टीफन मरांडी के रांची स्थित आवास पर आयोजित प्रार्थना सभा में शामिल हुए। इस अवसर पर पास्टर क्रिस्टोफर हेम्ब्रम के नेतृत्व में झारखंड की उन्नति, सुख, शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की गई। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि राज्य और राज्य वासियों के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार के द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। नौजवानों को रोजगार देने की दिशा में सरकार लगातार आगे बढ़ रही है। आप सभी के आशीर्वाद से झारखंड को अग्रणी राज्य बनाने का हमने संकल्प ले रखा है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर डॉ स्टीफन मरांडी के लंबी उम्र की प्रार्थना ईश्वर से की। तीन दिवसीय फास्टिंग प्रेयर फेस्टिवल में डॉ स्टीफन मरांडी की धर्मपत्नी प्रो सुहासिनी बेसरा और पुत्री उपासना मरांडी मौजूद रहीं।

## सुखाड़ राहत की राशि जल्द रिलीज करे केंद्र : श्री बादल



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** झारखंड सरकार के कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री श्री बादल अपने विभागीय सचिव अबू बकर सिद्दीक के साथ कृषि भवन नई दिल्ली में कृषि एवं कल्याण सचिव मनोज आहूजा के साथ मुलाकात की। मुलाकात के दौरान कृषि मंत्री ने भारत सरकार के कृषि सचिव से कहा कि वर्ष 2022 खरीफ मौसम में कम वर्षा एवं अत्यल्प फसल आच्छादन के कारण राज्य के 22 जिलों के 226 प्रखंडों को सूखाग्रस्त घोषित किया गया था, जिसके लिए राज्य सरकार ने गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के माध्यम से 9682.69 करोड़ों रुपए की सहायता राशि उपलब्ध कराने का अनुरोध केंद्र सरकार से किया है। कृषि मंत्री ने आग्रह किया कि इसे लेकर आपदा विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए यह राशि राज्य के किसानों को दिया जाए, तो सूखा का दंश झेल रहे किसानों के लिए बड़ी राहत होगी। कृषि मंत्री ने भारत सरकार के सचिव से कहा कि राज्य सरकार ने अपनी तरफ से पंजीकृत प्रति किसानों को 3500 रुपए दिए हैं। भारत सरकार के सचिव ने कहा कि इसे लेकर आपदा विभाग के सचिव से वे खुद बात करेंगे।

श्री बादल ने भारत सरकार के सचिव श्री मनोज आहूजा से मुलाकात करने के बाद बताया कि राज्य के किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए कई बिन्दुओं पर बात हुई है। राज्य में सॉयल टेस्टिंग लैब की स्थापना, आत्मा के लिये रिवॉल्विंग फंड एवं प्रोत्साहन बढ़ोतरी सहित सभी बिन्दुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई है। फसल बीमा योजना से जुड़े तकनीकी पहलु को लेकर भी उन्होंने सकारात्मक जवाब दिया है।विभागीय सचिव अबू बकर सिद्दीकी की मांग पर भारत सरकार के सचिव ने तुरंत अपने विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि झारखंड से इस बार हनी मिशन को लेकर प्रोजेक्ट आए, तो उन्हें जल्द से जल्द अप्रूव कर राशि निर्गत की जाए। भारत सरकार के सचिव मनोज आहूजा ने कहा है कि मिट्टी जांच के लिए वह 500 हाई स्कूलों को चिह्नित करें।

भारत सरकार सॉयल टेस्टिंग लैब की व्यवस्था कराएगी। छात्रों को प्रशिक्षित किया जाएगा, जिससे वे अपनी तथा दूसरे किसानों की जमीन की मिट्टी लाकर लैब में जांच कर किसानों को बता सकेंगे कि उस जगह की मिट्टी कैसी है और वहां कौन से अनाज उपजाए जा सकते हैं।

# वट सावित्री पूजा पर पर्यावरणविद कौशल ने किया पौधारोपण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल व बीपीएसए संस्था के प्रधान सचिव सह पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल और छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने वट सावित्री पूजा के अवसर पर मेदिनीनगर के आबादगंज स्थित अपने आवास पर्यावरण भवन के आकाश बाग में पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ वट वृक्ष का पौधरोपण किया। उन्होंने सावित्री पूजा पर उपस्थित महिलाओं को वटवृक्ष ,देवी सावित्री और भगवान सत्यवान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। वट सावित्री पूजा कराने के उपरांत पर्यावरणविद श्री कौशल ने पूजा में शामिल सभी महिलाओं को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों को शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में वृक्षों की पूजा की परम्परा सदियों से आ रही है। परन्तु वट वृक्ष का पूजा का एक अलग ही धार्मिक महत्व है। क्योंकि शास्त्रों के मुताबिक वट वृक्षों पर त्रिदेव ब्रह्मा ,विष्णु महेश का वास होता है। पर्यावरणविद कौशल ने कहा कि अन्य वृक्षों की तुलना में बट वृक्ष का अलग महत्व है। धार्मिक मान्यता है कि जिस तरह भगवान बुद्ध को पीपल के पेड़ के नीचे ही ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। उसी प्रकार वट वृक्ष के नीचे ही माता सावित्री को अपने दृढ़ संकल्प और श्रद्धा से यमराज द्वारा अपने मृत पति सत्यवान को दोबारा जिंदा करने में कामयाबी मिली थी। जिला पार्षद अमित जायसवाल ने कहा कि उनके पूजनीय पिता सह पर्यावरण धर्मगुरु ने पृथ्वी , प्रकृति , सृष्टि और पर्यावरण की रक्षा के लिए ही पर्यावरण धर्म की शुरुआत किया है। पर्यावरण धर्म के तहत सभी जाति धर्म सम्प्रदाय के लोग एकत्रित होकर पर्यावरण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी हासिल करते है।

मुखिया पूनम जायसवाल ने कहा कि उनके पूजनीय पति सह पर्यावरणविद ने अपना घर परिवार में रहकर महापुरुषों की तरह निःस्वार्थ अपनी निजी खर्चों पर पृथ्वी से प्रदूषण के सफाया के लिए वनों पर रक्षाबंधन और पौधारोपण कर मानव के साथ-साथ 84 योनि जीवों की आजादी की लड़ाई लड़ रहे है ।

कार्यक्रम में प्रो अरुण कुमार जयसवाल,कोमल जायसवाल, शिल्पा जायसवाल, ज्योति जायसवाल, रिंकी सिंह, प्रेमलता पांडेय, स्वाति दुबे, खुशी पांडेय, ज्योति सिंह, अनीशा देवी, प्रेमा पांडेय , सकिता ,आकर्ष, आशिका आदि शामिल थे।

## ग्रीष्मकालीन निःशुल्क मलखंब प्रशिक्षण शिविर शुरू, 60 खिलाड़ियों ने लिया भाग

**रांची :** रांची जिला मलखंब संघ की ओर से दस दिवसीय रांची जिला निन्शुल्क ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन शुक्रवार को राज्य मलखंब एसोसिएशन के महासचिव डॉ अजय झा ने किया। शिविर का आयोजन 19 से 29 मई तक बंगीय सांस्कृतिक परिषद विद्यालय में किया जा रहा है।पहले दिन बालक-बालिका वर्ग मिलाकर लगभग 60 खिलाड़ियों ने भाग लिया। बालक वर्ग को पोल मलखंब, रोप मलखंब, हैंगिंग मलखंब एवं बालिका वर्ग को रोप मलखंब और पोल मलखंब कराया गया। प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन बालक-बालिका वर्ग को रोप एवं पोल मलखंब पर पिरामिड का अभ्यास कराया जाएगा।महासचिव डॉ अजय झा ने बताया कि इस शिविर के आधार पर 20 बालक-बालिकाओं का चयन नियमित रूप से अभ्यास के लिए खेलो इंडिया केंद्र झारखंड मलखंब अकादमी के लिए किया जाएगा।

## सुप्रीम कोर्ट ने बिहार सरकार से मांगे आनंद मोहन की रिहाई के मूल दस्तावेज



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिहार के गोपालगंज के तत्कालीन डीएम जी. कृष्णैया की हत्या के दोषी आनंद मोहन की रिहाई के खिलाफ दायर याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए बिहार सरकार को समय दे दिया है। कोर्ट ने कहा कि बिहार सरकार आनंद मोहन की रिहाई से जुड़े मूल दस्तावेज जमा करवाए। मामले की अगली सुनवाई 8 अगस्त को होगी। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने मामले की सुनवाई के दौरान टिप्पणी करते हुआ कहा कि इस मामले का कोर्ट में राजनीतिकरण न करें। मामले में सिर्फ कानूनी पहलू पर ही बात करें।आज बिहार सरकार ने जवाब दाखिल करने के लिए समय देने की मांग की, जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया। कोर्ट ने कहा कि आगे सुनवाई नहीं टाली जाएगी। 8 मई को बिहार सरकार और आनंद मोहन को नोटिस जारी किया गया था। कोर्ट ने बिहार सरकार से रिहाई से जुड़ा रिकार्ड दाखिल करने का निर्देश दिया था।याचिकाकर्ता और जी. कृष्णैया की पत्नी उमा कृष्णैया की ओर से पेश वकील सिद्धार्थ लूथरा और तान्या श्री ने आनंद मोहन की रिहाई को रद्द कर उसे फिर से जेल भेजे जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि आनंद मोहन के जेल में व्यवहार को तो ध्यान में रखा गया लेकिन दोषी के पूर्व के इतिहास को नजरअंदाज किया गया। ऐसा करना लोकहित के खिलाफ है। बिहार सरकार का ये कदम लोकसेवकों को मनोबल तोड़ने वाला है।हाल ही में बिहार सरकार द्वारा जेल नियमों में किये गये संशोधन के चलते ये रिहाई संभव हो पाई है। याचिका में कहा गया है कि आनंद मोहन की रिहाई सुप्रीम कोर्ट के फैसलों के विपरीत है। आनंद मोहन की रिहाई का फैसला गलत तथ्यों के आधार पर लिया गया है।उल्लेखनीय है कि 5 दिसंबर, 1994 को बिहार के गोपालगंज जिला के तत्कालीन डीएम जी. कृष्णैया की हत्या कर दी गई थी।

# माउंट एवरेस्ट के बेस कैंप में भारतीय महिला पर्वतारोही की मौत



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** नेपाल में माउंट एवरेस्ट के बेस कैंप में बीमार पड़ने के बाद 59 वर्षीय एक भारतीय महिला पर्वतारोही की मौत हो गई. वह दुनिया की सबसे ऊंची चोटी को फतह करने वाली एशिया की पेसमेकर वाली पहली महिला बनने का विश्व रिकॉर्ड कायम करना चाहती थीं. नेपाल के पर्यटन विभाग के निदेशक युवराज खातिवादा ने बताया कि माउंट एवरेस्ट बेस कैंप में अनुकूलन अभ्यास के दौरान मुश्किलें होने पर सुजान्ने लियोपोल्डिना जीसस (59) को सोललुखुंबू जिले के लुकला इलाके के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी मौत हो गई.खातिवादा ने बताया कि बेस कैंप में अनुकूलन अभ्यास के दौरान सामान्य रफ्तार नहीं बनाए रख पाने और चढ़ने में परेशानी होने पर सुजाने को माउंट एवरेस्ट फतह करने की कोशिश छोड़ देने को कहा गया था. सुजाने को पेसमेकर लगा था. निदेशक के मुताबिक सुजाने ने यह सलाह मानने से इनकार कर दिया और कहा कि वह 8,848.86 मीटर ऊंची चोट पर चढ़ेगी ही क्योंकि वह इस चोटी पर चढ़ने की अनुमति पाने के लिए पहले ही शुल्क दे चुकी हैं. पर्वतारोहण आयोजक ग्लेशियर हिमालयन के अध्यक्ष डेंडी शेरपा ने कहा कि सुजाने को 5800 मीटर तक चढ़ाई करनी थी किंतु उन्हें बुधवार को जबरन हेलीकॉप्टर से लुकला शहर ले जाया गया और अस्पताल में भर्ती कराया गया.

### चढ़ाई के लिए अड़ी रही थीं सुजाने

निदेशक ने कहा कि हमने पांच दिन पहले ही उनसे यह पर्वतारोहण छोड़ देने को कहा था लेकिन वह एवरेस्ट फतह करने पर अड़ी हुई थीं. शेरपा ने बताया किरणवह पेसमेकर के साथ एवरेस्ट फतह करने वाली पहली एशियाई महिला बनने और ऐसा कर नया विश्व रिकॉर्ड बनाना चाहती थीं. उनके गले में दिक्कत थी और वह आसानी से खाना भी नहीं निगल पा रही थीं. इससे पहले चार शेरपा पर्वतारोहियों, एक अमेरिकी डॉक्टर और एक मोल्दोवन पर्वतारोही की एवरेस्ट पर मौत हो गई थी.

# 28 मई को नया संसद भवन राष्ट्र को समर्पित करेंगे प्रधानमंत्री मोदी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 मई को नवनिर्मित संसद भवन राष्ट्र को समर्पित करेंगे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रधानमंत्री मोदी को नए संसद भवन के उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया। लोकसभा सचिवालय के मुताबिक, नए संसद भवन का निर्माण अब पूरा हो गया है। नया भवन आत्मनिर्भर भारत की भावना का प्रतीक है। जानकारी के मुताबिक, चार मंजिला नए संसद भवन में मंत्रियों और पार्टियों का ही नहीं, सांसदों का भी अपना कमरा होगा। पुराने संसद के मुकाबले इसमें सबकुछ बदला-बदला नजर आएगा। संसद से जुड़े मार्शल और कर्मचारी राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान की डिजाइन की हुई नई वेशभूषा में नजर आएंगे। लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों ने पांच अगस्त 2019 को सरकार से संसद के नए भवन के निर्माण के लिए आग्रह किया था। इसके बाद 10 दिसंबर 2020 को प्रधानमंत्री मोदी ने संसद के नए भवन का शिलान्यास किया था। संसद के नवनिर्मित भवन को



गुणवत्ता के साथ रिकॉर्ड समय में तैयार किया गया है। अब संसद का नवनिर्मित भवन जहां एक ओर भारत की गौरवशाली लोकतांत्रिक परंपराओं और संवैधानिक मूल्यों को और अधिक समृद्ध करने का कार्य करेगा, वहीं अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त इस भवन में सदस्यों को अपने कार्यो को और बेहतर तरीके से परफॉर्म करने में भी सहायता मिलेगी।

### लोकसभा में बैठ सकेंगे 888 सदस्य

संसद के वर्तमान भवन में लोकसभा में 550 जबकि राज्यसभा में 250 सदस्यों की बैठक की व्यवस्था है। भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए संसद के नवनिर्मित भवन में लोकसभा में 888 जबकि राज्यसभा में 384 सदस्यों की बैठक की व्यवस्था की गई है। दोनों सदनों का संयुक्त सत्र लोकसभा चैम्बर में ही आयोजित होगा।

### सेंट्रल हॉल नहीं, कमेटी हॉल

नए संसद भवन में सेंट्रल हॉल नहीं होगा। इसकी जगह कमेटी हॉल होगा। इसमें विशेष तौर पर बेहद खूबसूरत संविधान कक्ष बनाया गया है। इसके अतिरिक्त लाउंज, पुस्तकालय, कैंटीन की सुविधा उपलब्ध होगी। एनआईएफटी के डिजाइन किए यूनिफॉर्म में नजर आएंगे मार्शल।

### भविष्य का रखा गया है ख्याल

भविष्य में संसद के दोनों सदनों में सांसदों की संख्या बढ़ाने की संभावना का नए संसद भवन के निर्माण में ख्याल रखा गया है। इसमें 1,224 (लोकसभा के 888 और राज्यसभा के 384) सांसदों के बैठने की व्यवस्था है।

### 1971 के बाद से सांसदों की संख्या नहीं बढ़ाई गई

दरअसल, साल 1971 के बाद से लोकसभा और राज्यसभा में सांसदों की संख्या नहीं बढ़ाई गई है। कई बार 33 फीसदी संख्या बढ़ाने पर विचार हुआ। वर्तमान में 25 लाख की आबादी पर एक सांसद है जो दुनिया में सबसे ज्यादा है। इसे पुराने संसद भवन से 17,000 वर्गमीटर बड़ा बनाया गया है।